

श यादव (यदुवंशी) ओ बी सी मंडल अध्यक्ष


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 294/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शुक्रवार 06 जून 2025 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in



खाद्य दिवस आज

# पीएम मोदी ने चिनाब पुल का उद्घाटन कर कश्मीर को दी ऐतिहासिक सौगात

## दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल पर लहराया तिरंगा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चिनाब दरिया पर बने रेलवे के नायाब, अद्भुत और बेमिसाल चिनाब पुल को राष्ट्र को समर्पित कर दिया। पीएम मोदी ने चिनाब रेल ब्रिज का उद्घाटन किया। दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च चिनाब ब्रिज का उद्घाटन करते हुए तिरंगा लहराया। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सीएम उमर अब्दुल्ला और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहे। पीएम इंजन में बैठकर चिनाब आर्च ब्रिज से केबल स्टे अंजी ब्रिज तक पहुंचे।पीएम मोदी ने उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक परियोजना पर प्रदर्शनी को देखा। इसके बाद जम्मू-कश्मीर में एक साथ दो नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को रवाना किया, जो माता वैष्णो देवी (कटरा) से श्रीनगर के बीच चलेंगी। ऐसा पहली बार होने जा रहा है, जब वंदे भारत जैसी अत्याधुनिक एवं तेज



रफ्तार ट्रेन कश्मीर घाटी तक पहुंचेगी।

दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज का निरीक्षण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलवे ब्रिज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह से मुलाकात की। उन्होंने यूएसबीआरएल परियोजना पर काम करने वाले श्रमिकों से भी बातचीत की।

पीएम वंदे भारत में सवार हुए, स्कूली बच्चों से बातचीत की

पीएम मोदी ने कटरा रेलवे स्टेशन से कटरा-श्रीनगर को जोड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को रवाना किया। मोदी ने इससे पहले ट्रेन में सवार स्कूली बच्चों से बातचीत की। ट्रेन में मौजूद रेलवे कर्मचारियों से भी मिले।

**वंदे भारत ट्रेन कल से शुरू होगी:** नॉर्दर्न रेलवे 7 जून से कटरा-श्रीनगर रूट पर वंदे भारत ट्रेन सर्विस शुरू कर देगी। ढ्ढक्रष्टञ्जष्ट की वेबसाइट पर टिकट बुकिंग की जा सकेगी। हफ्ते में 6 दिन दो ट्रेनें कटरा और श्रीनगर के बीच चलेंगी।नॉर्दर्न रेलवे ने बताया कि ट्रेन में दो ट्रैवल क्लास हैं। चेयरकार का किराया 715 रुपए और एक्जीक्यूटिव क्लास का किराया 1320 रुपए है। अभी ट्रेनें सिर्फ बनिहाल में रुकेंगी, अन्य स्टॉपेज पर फैसला बाद में होगा।



सांध्यप्रकाश विशेष

## सभी दलों ने दिखाई एकता, सेना ने दिखाया पराक्रमः मोहन भागवत

**नागपुर।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने पहलगाम आतंकी हमले और भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर पर महत्वपूर्ण बयान दिया है। नागपुर में कार्यकर्ता विकास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के बाद जिस तरह की राजनीतिक एकता दिखी, वह बनी रहनी चाहिए। भागवत ने कहा, पहलगाम हमले से पूरा देश दुखी और आक्रोशित था। जनता चाहती थी कि दोषियों को सख्त सजा मिले। हमारी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में अदम्य साहस दिखाया और सरकार ने भी त्वरित कार्रवाई की। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के सहयोग की भी सराहना की और कहा कि ऐसी एकता राष्ट्रहित में जरूरी है।



**हिंदू एक हों, सेना को मजबूत बनाएं:** इससे पहले 25 मई को एक इंटरव्यू में भागवत ने कहा था, भारत के पास शक्तिशाली बनने के अलावा कोई विकल्प नहीं। हमें अपनी सीमाओं पर दुष्ट शक्तियों का सामना करना पड़ रहा है। हिंदू समाज को एकजुट होकर सेना की शक्ति बढ़ाने में योगदान देना चाहिए।

मुंबई में एक कार्यक्रम में उन्होंने पहलगाम हमले की निंदा करते हुए कहा था, आतंकियों ने धर्म पूछकर निर्दोषों की हत्या की। हिंदू ऐसा कभी नहीं करेगा। यह धर्म 1ह्य अधर्म की लड़ाई है। अब समय आ गया है कि भारत अपनी शक्ति का परिचय दे।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को उज्जैन में श्री चिंतामण गणेश मंदिर परिसर में जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत बावड़ी का भूमिपूजन किया।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को उज्जैन में श्री चिंतामण गणेश मंदिर परिसर में जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद की पुस्तक का विमोचन किया।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को उज्जैन में श्री चिंतामण गणेश मंदिर परिसर में जन अभियान परिषद के कार्यक्रम को संबोधित किया।

## सीएम विष्णुदेव साय दिल्ली रवाना, मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलें फिर तेज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री सीएम विष्णुदेव साय शुक्रवार 6 जून को एक दिन के प्रवास पर दिल्ली जा रहें। सुशासन तिहार के बाद यह पहला दौरा है। अचानक बने दौरे में दिन भर वहां के कार्यक्रम तय नहीं हैं। वे कई राष्ट्रीय नेताओं से मुलाकात करेंगे। सीएम के अचानक दिल्ली दौरा को लेकर प्रदेश मंत्रिमंडल में रिक्त दो मंत्री के दो पद और बाकी बचे निगम मंडलों में नियुक्ति होने की अटकलें एक बार फिर तेज हो गई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सीएम का यह दौरा बीजेपी संगठन चुनाव को लेकर हो सकता है। इस दौरान वे कई राष्ट्रीय नेताओं से मुलाकात करेंगे।

## सिंगापुर से आया दोस्त, महिला मिली तो कोरोना पॉजिटिव हुई

**इंदौर।** इंदौर में कोविड मामलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। गुरुवार को 5 और मरीज पॉजिटिव पाए गए। इसके साथ ही इंदौर में अब तक कुल 38 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें 8 मरीज अन्य जिलों से हैं। इनमें से अभी करीब 20 एक्टिव केस हैं। नए मरीजों में एक 47 वर्षीय महिला शामिल हैं, जो हाल ही में सिंगापुर से लौटे अपने एक मित्र के संपर्क में आई थीं। मित्र से मिलने के दो दिन बाद ही महिला को खांसी और जुकाम हो गया। जांच में वह कोविड पॉजिटिव पाई गई। इसके अलावा एक 13 वर्षीय लड़का भी संक्रमित हुआ है। वह हाल ही में बद्रीनाथ से लौटी एक महिला के संपर्क में आया था। अन्य मरीजों में पुणे से लौटी एक 34 वर्षीय महिला और इंदौर के दो पुरुष शामिल हैं।

वहीं, देश में पिछले 20 दिन में केसों की संख्या में 58 गुना की बढ़ोतरी हुई है। 16 मई को देशभर में कोविड के 93 एक्टिव केस थे, जिनकी संख्या अब 5364 पहुंच गई है। इंदौर में कोरोना पॉजिटिव मरीजों में हल्के लक्षण हैं। ऐसे में उन्हें होम आइसोलेशन में रखा गया है। इनकी जांच प्राइवेट लैब में हुई है। इनके सैंपल जीनोम सिक्वेसिंग के लिए भोपाल लैब भेजे गए हैं। इनकी कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग की जा रही है और लक्षण दिखने वालों के सैंपल लिए जा रहे हैं।

## पुनीत कुमार दिल्ली में रेजिडेंट कमिश्नर नियुक्त

**नई दिल्ली।** आईएएस के मुख्य सचिव ग्रेड में एक वर्ष की अवधि के लिए केरल हाउस, नई दिल्ली में रेजिडेंट कमिश्नर का एक एक्स-कैडर पद सृजित किया गया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा में 1993 बैच के ढ्ढ्रस् अधिकारी पुनीत कुमार अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्थानीय स्वशासन विभाग को दिल्ली में केरल सरकार का रेजिडेंट कमिश्नर नियुक्त किया गया है। अजीत कुमार के भारत सरकार में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले जाने के बाद त्रष्ट पद रिक्त हो गया था।

## लोन सस्ते होंगे, आरबीआई ने ब्याज दर 0.50 प्रतिशत घटाई

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को एमपीसी की बैठक के बाद नीतिगत ब्याज दरों में कटौती का एलान किया है। एमपीसी के सदस्यों ने रेपो रेट में 50 आधार अंकों की कटौती के पक्ष में मत दिया है। अब यह 6 प्रतिशत से घटकर 5.5 प्रतिशत हो गई। साल 2025 में लगातार तीसरी एमएमसी बैठक में ब्याज दरों में कटौती का एलान किया गया है। केंद्रीय बैंक के इस फैसले से आपके लोन की ईएमआई कम होने का रास्ता भी साफ हो गया है, हालांकि ऐसा बैंकों की ओर से ब्याज दरों में कटौती के एलान के बाद ही हो पाएगा।




आरबीआई रेपो रेट में उम्मीद से अधिक कटौती की भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को विकास को बढ़ावा देने के लिए रेपो दर में उम्मीद से अधिक 50 आधार अंकों की कटौती की। ब्याज दरों में कटौती के बाद प्रमुख नीतिगत दर घटकर तीन वर्ष के निम्नतम स्तर 5.5 प्रतिशत पर आ गई, जिससे आवास, ऑटो और कॉर्पोरेट ऋण लेने वालों को राहत मिल सकती है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि विकसित हो रहे व्यापक आर्थिक और वित्तीय विकास और आर्थिक परिदृश्य के विस्तृत आकलन के बाद मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने रेपो दर में 50 आधार अंकों की कटौती करने का निर्णय लिया है।

### कोविड के बाद पहली बार लगातार तीसरी बार रेपो रेट में कटौती

फरवरी 2025 से आरबीआई ने नीतिगत दर में 100 आधार अंकों की कटौती की है। अप्रैल में अपनी पिछली मौद्रिक नीति समीक्षा में भी केंद्रीय बैंक रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती की थी और इसे 6 प्रतिशत कर दिया था। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि रेपो में 100 आधार अंकों की त्वरित कटौती के बाद अब एमपीसी के पास विकास को समर्थन देने के लिए सीमित गुंजाइश बची है। कोविड-19 के बाद यह पहली बार है कि आरबीआई ने फरवरी 2020 से लगातार तीन बार ब्याज दरों में कटौती की है।

### महंगाई का अनुमान 4 प्रतिशत से नीचे

हालांकि, मल्होत्रा ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी का पूर्वानुमान 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। अच्छे मानसून की उम्मीदों के चलते मुद्रास्फीति का अनुमान 4 प्रतिशत से घटाकर 3.7 प्रतिशत कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि एमपीसी का मानना है कि ब्याज दरों में कटौती से विकास को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, दर निर्धारण पैनल ने अपना रुख अकोमोडेटिव से बदलकर तटस्थ कर दिया है। रेपो रेट के घटने से हाउसिंग डिमांड बढ़ेगी

## जिला अस्पतालों में होगा कॉर्निया ट्रांसप्लांट, 1 जुलाई से शुरू होगी ट्रेनिंग

**भोपाल।** नेत्रदान को बढ़ावा देने और ज्यादा लोगों तक इलाज पहुंचाने के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने एक नई पहल की है। अब प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों में कार्निया (आंख का पारदर्शी हिस्सा) प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू की जाएगी। इसके लिए राज्य अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन ने प्रस्ताव बनाकर भोपाल भेजा था, जिसे मंजूरी मिल गई है।



**कॉर्निया ट्रांसप्लांट की हुई पहल:** इस योजना के पहले चरण में इंदौर और उज्जैन संभाग के 15 जिलों के अस्पतालों में प्रत्यारोपण केंद्र शुरू होंगे। इन जिलों में डॉक्टरों और तकनीकी स्टाफ को ट्रेनिंग दी जाएगी ताकि वे अपने-अपने जिलों में यह सुविधा शुरू कर सकें।

**एमजीएम मेडिकल कॉलेज में शुरू होगी ट्रेनिंग:** ट्रेनिंग का काम 1 जुलाई से इंदौर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज में शुरू होगा। डॉक्टरों को एक महीने और तकनीशियनों को 15 दिन की ट्रेनिंग दी जाएगी। यह ट्रेनिंग मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग की विशेषज्ञ टीम देगी। इस विभाग में हर साल करीब 100 कार्निया प्रत्यारोपण पहले से ही किए जाते हैं और यहां नेत्र बैंक भी है।

## मध्यप्रदेश सरकार कब तक युवाओं का भविष्य दांव पर लगाएगी: जीतू पटवारी

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी ने आज एक सशक्त एवं भावनात्मक प्रेस वार्ता में मध्यप्रदेश सरकार की भ्रष्ट नीतियों, लगातार हो रहे भर्ती घोटालों और बीजेपी नेताओं की महिलाओं के प्रति असंवेदनशील मानसिकता पर तीखा हमला बोला। उन्होंने प्रदेश की जनता, विशेषकर युवाओं के भविष्य को लेकर गहरी चिंता जताई और सरकार की मंशा पर गंभीर सवाल खड़े किए।



इस घोटाले में सिर्फ घोटाला ही नहीं हुआ, बल्कि न्याय की हत्या हुई। 50 से अधिक मौतें हुईं, जिनमें छात्र, पत्रकार और घोटाले से जुड़े अधिकारी तक शामिल थे। आज भी एक भी आरोपी को सजा नहीं मिली। सब बरी हो गए। ये किस तरह का न्याय है? क्या यही रामराज्य है, जिसकी बात भाजपा करती है?÷

कांस्टेबल भर्ती में सॉल्वर गैंग का खुलासा

उन्होंने हाल ही में उजागर हुए पुलिस कांस्टेबल भर्ती घोटाले का ज़िक्र करते हुए कहा, अब भ्रष्टाचार भर्ती विभाग% बन गया है। कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में सॉल्वर गैंग के माध्यम से फर्जी उम्मीदवारों को बैठाया गया। अब तक 16 स्नढ्ढक्रदर्ज हो चुकी हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई होती नहीं दिख रही। इससे पहले पटवारी भर्ती, प्राथमिक शिक्षक भर्ती, और कई अन्य परीक्षाओं में भी यही पैटर्न रहा है।÷

युवा परेशान, सरकार मौन

प्रदेश के लाखों युवा, दिन-रात मेहनत करके सरकारी नौकरी के सपने देखते हैं। लेकिन ये सरकार उनके सपनों की कब्र खोदने में लगी है। सरकार से पूछना चाहता हूं—वोटर्स के ही बच्चों का गला क्यों घोंटा जा रहा है? क्या युवाओं की मेहनत अब साजिशों की भेंट चढ़ा दी जाएगी?÷

बीजेपी के नेताओं की सोच महिलाओं के कपड़ों से शुरू होकर वहीं खत्म हो जाती है। चाहे कैलाश विजयवर्गीय हों या नरोत्तम मिश्रा, इनकी टिप्पणियां महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध हैं। क्या यही बेटी बचाओ है? क्या यही नारी सम्मान है?÷

राहुल गांधी के एक व्यंग्यात्मक बयान पर भाजपा आहत हो जाती है, लेकिन जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार दावा करते हैं कि उन्होंने भारत को धमका कर सीजफायर कराया, तब प्रधानमंत्री मौन क्यों हैं? ट्रंप भारत माता का अपमान कर रहे हैं और प्रधानमंत्री मौन हैं।

कांग्रेस भारत माता के लिए सर कटा सकती है, लेकिन सरकार से सवाल तो पूछेगी ही।÷

## प्रदेश में लगातार 42वें दिन भी बदला रहेगा मौसम आज कई जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट



**भोपाल** मध्य प्रदेश में प्री मानसून की बारिश का दौर लगातार जारी है। 26 अप्रैल से शुरू हुई बारिश 6 अप्रैल को यानी 42वें में दिन भी जारी रहेगी। मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर-उज्जैन समेत 45 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश होने की संभावना है। यहां पर 30 से 40 किमी प्रतिघंटा के हिसाब से आंधी चल सकती है। अगले 4 दिन यानी, 9 जून तक ऐसा ही मौसम रहेगा। इसके बाद मानसून भी प्रदेश में प्रवेश कर लेगा। मौसम विभाग की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन और एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की एक्टिविटी बनी हुई है।

**10 के बाद मानसून की होगी एंट्री:** प्रदेश में मानसून की एंट्री 10 जून के बाद ही होने की संभावना है। मौसम विभाग की माने तो अभी मानसून महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ में एक ही जगह पर ठहरा है। पिछले कुछ दिन से ये आगे नहीं बढ़ा है। हालांकि मध्य प्रदेश में प्री मानसून की बारिश लगातार चल रही है जिस वजह से प्रदेश के तापमान में बढ़ोतरी नहीं हो रही है। लोगों को गर्मी से राहत मिली हुई है।

### आज मध्य प्रदेश के इन जिलों में अलर्ट

मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए जिन जिलों में अलर्ट जारी किया है, उनमें भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, जबलपुर श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, सीहोर, राजगढ़, शाजापुर, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, आगर-मालवा, नीमच, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, धार, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सागर, दमोह, नरसिंहपुर, सिवनी, और पांढुर्णा शामिल हैं।

### तेज बारिश से तापमान में आई गिरावट

गुरुवार को प्रदेश में आंधी और बारिश का दौर जारी रहा। रायसेन, उज्जैन, धार में तेज बारिश हुई। रायसेन में 9 घंटे में करीब एक इंच पानी बरस गया। बारिश और बादल की वजह से कई शहरों में दिन के तापमान में गिरावट देखने को मिली। खजुराहो में ही पारा 40.2 डिग्री सेल्सियस रहा। बाकी शहरों में पारा 40 डिग्री से कम रहा। रायसेन में तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 36.4 डिग्री, इंदौर में 35.7 डिग्री, ग्वालियर में 38.4 डिग्री, उज्जैन में 37 डिग्री और जबलपुर में पारा 38.2 डिग्री दर्ज किया गया।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान में सीएमएचओ कार्यालय सहित सभी विभागों में हुआ पौधारोपण



**भोपाल।** विश्व पर्यावरण दिवस परएक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत स्वास्थ्य संस्थाओं में पौधारोपण किया गया। इस अवसर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सहित सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में पौधारोपण कर इनके संरक्षण की शपथ ली गई। सी एम एच ओ कार्यालय परिसर भोपाल में डॉ प्रभाकर तिवारी ने सिंदूर, आंवला, तुलसी सहित विभिन्न औषधीय पौधे लगाए। इस दौरान विभागीय अमले को पौधों के हमारे जीवन में महत्व की जानकारी देते हुए इनके संरक्षण और संवर्धन की शपथ दिलवाई गई। इस वर्ष पर्यावरण दिवस का विषय प्लास्टिक प्रदूषण उन्मूलन है। शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में आयोजित पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रमों में स्थानीय नागरिकों को पर्यावरण असंतुलन से मानव स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। पर्यावरण बचाव और सुधार के लिए जागरूकता हेतु पोस्टर प्रतियोगिता, रैली, रंगोली सहित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पर्यावरण संरक्षण के लिए बायो मेडिकल वेस्ट के पृथककरण, स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, बिजली व पानी के समुचित उपयोग के संबंध में उन्मुखीकरण किया गया।

जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आयोजित कार्यक्रमों में पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के लिए निरंतर रूप से उपलब्ध खाद्य पदार्थों के उपयोग , ऊर्जा संरक्षण , जल संरक्षण , सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार, सेहतमंद जीवन शैली अपनाने , ई वेस्ट को कम करने, कूड़ा कचरा कम करने एवं अपशिष्ट प्रबंधन की जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि पर्यावरण प्रदूषण का प्रभाव बुजुर्गों, गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों, गर्भवती महिलाओं एवं छोटे बच्चों पर सर्वाधिक होता है। दूषित वायु, दूषित जल और दूषित खाद्य पदार्थ हमारे स्वास्थ्य पर प्रत्यक्ष रूप से नकारात्मक प्रभाव डालते हैं ।पर्यावरण प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन के कारण अस्थमा एवं श्वसन संबंधी बीमारियां, कैंसर, कार्डियोवैस्कुलर बीमारियां, स्ट्रोक, खाद्य जनित बीमारियां, मानसिक स्वास्थ्य ,तनाव, न्यूरोलॉजिकल बीमारियां ,वेक्टर बोर्न जल जनित एवं मौसमी बीमारियां परिलक्षित हो रही है । स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत अंतर विभागीय कार्यशाला एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन समय समय पर किया जाता है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं और रहवासियों ने सरजू सरोवर पार्क पर वृक्षारोपण किया



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं एवं रहवासियों द्वारा वार्ड क्रमांक 68 मे सरजू सरोवर पार्क पर वृक्षारोपण किया गया जिसमें विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए व पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर देवेंद्र योगी संजीव योगी सुनील व्यास सचिन मिश्राअजय जोगी आनंद तिवारी रजनीश दुबेजी अभिषेक तिवारीराम मालवीय अविनाश शर्मा प्रवीण शर्मा शिवनारायण व्यास मंगल जोगी उमेश सारस्वत मोनू तिवारी राजेश शर्मा संदीप मेहरा ललितेश पाल आर के बिहारी गौरव गुप्ता राम सजीवन गुप्ता मुन्ना नामदेव रामस्वरूप बरखाने राजेश प्रजापति राहुल पांचाल राजेंद्र परमार कमलेंद्र गौर दुर्गा प्रसाद बबलू त्रिपाठी जी प्रदीप नेमा दिनेश चौहान सर्वेश त्रिपाठी जज राम आश्रय मिश्रा पुजारी दास बैरागी मुमताज खान रमेश जैन अवधेश विश्वकर्मा जी कुटफुड़े विनोद पांडे जी वह अन्यजन उपस्थित रहे

## निर्जला एकादशी पे आज विशेष



सर्वप्रथम आपसभी हरि भक्तों को निर्जला एकादशी की हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं। निर्जला एकादशी का महत्व निर्जला यानि यह व्रत बिना जल ग्रहण किए और उपवास रखकर किया जाता है। इसलिए यह व्रत कठिन तप और साधना के समान महत्त्व रखता है। हिन्दू पंचाग अनुसार वृषभ और मिथुन संक्रांति के बीच शुक्ल पक्ष की एकादशी निर्जला एकादशी कहलाती है। इस व्रत को भीमसेन एकादशी या पांडव एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक मान्यता है कि पाँच पाण्डवों में एक भीमसेन ने इस व्रत का पालन किया था और वैकुंठ को गए थे।इसलिए इसका नाम भीमसेनी एकादशी भी हुआ। सिर्फ निर्जला एकादशी का व्रत कर लेने से अधिकमास की दो एकादशियों सहित साल की 25 एकादशी व्रत का फल मिलता है। जहाँ साल भर की अन्य एकादशी व्रत में आहार संयम का महत्त्व है। वहीं निर्जला एकादशी के दिन आहार के साथ ही जल का संयम भी ज़रूरी है। इस व्रत में जल ग्रहण नहीं किया जाता है यानि निर्जल रहकर व्रत का पालन किया जाता है। यह व्रत मन को संयम सिखाता है और शरीर को नई ऊर्जा देता है। यह व्रत पुरुष और महिलाओं दोनों द्वारा किया जाता है।



## वेतन ना आने पर सफाई रोककर अपना विरोध दर्ज

**भोपाल।** नगर निगम सार्थक कर्मचारी संघ के समस्त कर्मचारियों ने पेमेंट ना आने पर वाहन खड़े कर एवं सफाई व्यवस्था को रोककर अपना विरोध दर्ज कराया। डिप्टी कमिश्नर चंचलेश गिरहारे से चर्चा के बाद कर्मचारियों को मिला आश्वासन कि कल 2 बजे तक पेमेंट आ जाएगी। सभी कर्मचारी काम पर वापस लौटे।

## एमपीएल सीजन-2 सिंधिया कप 2025 के लिए भोपाल लेपर्ड्स ने की अपनी टीम की घोषणा




**भोपाल।** भोपाल की टीम भोपाल लेपर्ड्स ने गुरुवार को सिंधिया कप 2025 के लिए अपनी टीम की घोषणा की और साथ ही नई जर्सी का अनावरण भी किया। यह कार्यक्रम जागरण लेकसिटी यूनिवर्सिटी, भोपाल के श्री गुरुदेव गुप्ता मीडिया स्टूडियो में आयोजित किया गया। मीडिया को संबोधित करते हुए, टीम के मालिक अभिषेक मोहन गुप्ता ने बताया कि टीम ने आगामी सीजन के लिए कैसी तैयारी की है। उन्होंने कहा कि टीम क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने और खिलाड़ियों के विकास पर फोकस कर रही है। हेड कोच संजय पांडे ने टीम के प्रशिक्षण के बारे में बताया। टीम के कप्तान अरशद खान ने अपने आईपीएल के अनुभव से सीख कर आगामी सीजन में टीम का नेतृत्व करने के लिए अपना विजन साझा किया।

**12 जून से होगा नए सीजन का आगाजः** एमपीएल का नया सीजन 12 जून, 2025 को श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम, ग्वालियर में शुरू होगा। टीम भोपाल लेपर्ड्स अपना पहला मैच 13 जून को जबलपुर रॉयल लायंस के खिलाफ खेलेगी। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में, ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन पूरे मध्य प्रदेश में उभरती क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने में अपनी भूमिका को मजबूत कर रहा है।



विश्व पर्यावरण दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने वृक्ष मित्र सुनील दुबे के साथ पॉलिटेक्निक चौराहे पर सिंदूर का पौधा लगाया।

## दादाजी धाम मंदिर में गायत्री जन्मोत्सव एवं गंगा दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया



**भोपाल।** दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड पटेल नगर भोपाल में गुरुवार को प्रातः 10 बजे से गायत्री मां जी की पूजन, मां गंगा जी की पूजन में यजमान ग्रिजेश श्रीवास्तव धर्मपत्नी सीमा श्रीवास्तव को पंडित जी द्वारा विधि विधान से पूजन संपन्न कराई गई। इस अवसर पर श्री श्री 1008 श्री दादाजी गुरुदेव चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवरतन नामदेव, सचिव धनंजय बोरकर, कोषाध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव, ट्रस्टी जीवन नामदेव, अर्चना एवं मंदिर व्यवस्था समिति के सदस्य अवधेश सिंह, आर.डी. धुर्वे एवं भक्तों ने गायत्री यज्ञ में 108 आहुति देकर यज्ञ संपन्न किया, आरती के पश्चात भजन कीर्तन हुए। इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी भक्तों ने पुण्य लाभ प्राप्त किया।

## संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ किया गया। यह कार्यक्रम एनसीसी, एनएसएस एवं नेचर क्लब के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। इसका उद्देश्य छात्राओं और संकाय सदस्यों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता को बढ़ाना था। कार्यक्रम की शुरुआत बीज बॉल वितरण से हुई, जिसके बाद सम्मानित शिक्षकों एवं छात्राओं द्वारा बीज रोपण किया गया। प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने स्वयं इस वृक्षारोपण कार्यक्रम का नेतृत्व किया एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर एक प्रेरणादायक और जागरूकतापूर्ण सत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने भावी पीढ़ियों के लिए प्रकृति की रक्षा हेतु सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। इस आयोजन का नेतृत्व निम्नलिखित विभाग प्रमुखों द्वारा किया गया। डॉ. शांती शर्मा, डॉ. विभा खरे, डॉ. शांता बेलानी, प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने इस हरित और सकारात्मक पहल के लिए आयोजकों को हार्दिक बधाई दी और उनके प्रयासों की सराहना की।

## प्राचीन हनुमान मंदिर में श्रीराम दरबार की हुई प्राण प्रतिष्ठा, हुआ विशाल भण्डारा

**संत हिरदाराम नगर।** लालघाटी सावन नगर स्थित श्री प्राचीन हनुमान मंदिर में श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा गुरूवार को सम्पन्न हुई। इस मौके पर नर्मदेश्वर शिवलिंग की भी प्राण प्रतिष्ठा की गई। विधायक रामेश्वर शर्मा ने पहुंचकर हनुमान महाराज और श्रीराम भगवान की पूजा अर्चना की। इस तीन दिवसीय आयोजनके तीसरे दिन सुबह अवाहित देवता पूजन, श्रीराम दरबार का जलाभिषेक किया उसके बाद भगवान का श्रृंगार किया गया। पुर्णाहुति के बाद शाम को विशाल भण्डारा किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मनोज वर्मा, पंडित रघुवीर प्रसाद चौबे, पंडित राजेंद्र दुबे, संतोष शर्मा, कार्यक्रम के मुख्य यजमान शांति एवं भगवती गुप्ता, आजाद, राजू पवन गुप्ता परिवार के अलावा सावन नगर हलालपुर एवं अन्य कॉलोनी से रहवासी मौजूद थे।



## संस्कार विद्यालय में ईको क्लब के विद्यार्थियों द्वारा किया गया वृक्षारोपण

**संत हिरदाराम नगर ।** दीपमाला पागरानी संस्कार विद्यालय में पृथ्वी दिवस के अवसर पर ईको क्लब के विद्यार्थियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चंदर नागदेव बच्चों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है एवं विकास जरूरी है लेकिन पर्यावरण की कीमत पर नहीं, सभी लोग एक पेड़ जरूर लगाए। जिसके तहद हम आज संकल्प लें कि हम अपने घर में, बगीचे में जहां भी रहें एक पेड़ अवश्य लगाए। संस्था के कोषाध्यक्ष ने बच्चो का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि आओ मिलकर एक हरित और स्वस्थ भविष्य का निर्माण करें। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के वृक्षारोपण किया जैसे कि आम, अमरूद, सहजन, जामुन, नीम आदि। बच्चों ने इस अवसर पर वृक्षों को लगाने और उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया क्योंकि वृक्ष ही जीवन है एवं पक्षियों का रहवास हैं तथा जल संरक्षण करके जीवन को बचाने का भी संकल्प लिया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ ईको क्लब के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं, विद्यालय के प्राचार्य आर.के. मिश्रा, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम, कॉर्डिनेटर सीमा शर्मा उपस्थित थे।

## विजयनगर स्थित सिद्धि विनायक शिव मंदिर में कल को होगी चांदी के मंडप की स्थापना

**भोपाल।** लालघाटी के विजयनगर स्थित श्री सिद्धिविनायक शिव मंदिर में कल 7 जून को चांदी के मंडप की स्थापना होगी। श्री सिद्धी विनायक शिव मंदिर वीर सावरकर पार्क गणेश चौक लालघाटी पर 7 जून को भव्य समारोह का आयोजन किया गया है। मंदिर समिति के प्रमुख भाजपा सत्कार अधिकारी एवं पूर्व जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष कुलदीप खरे ने बताया कि मंदिर का नवम स्थापना दिवस को लेकर इन दिनों जोरदार तैयारियां चल रही हैं। शनिवार 7 जून को सुबह 8 बजे से समस्त विग्रहों एवं नवस्थापित 11 किलो चांदी के मण्डप का अभिषेक पूजन आरती एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा। शाम 7 बजे मंदिर का भव्य श्रंगार दर्शन एवं महा आरती का आयोजन भी रखा गया है। कुलदीप खरे ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से युवा पीढ़ी को सनातन धर्म एवं संस्कृति से जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है । खरे ने बताया कि आज के युवा आधुनिक दिखने के चक्कर में अपनी परंपरा एवं संस्कृति को भूलते जा रहे हैं तथा पश्चात संस्कृति को अपना रहे हैं। उन्होंने बताया कि युवा पीढ़ी पढ़ाई पर ध्यान न देकर आजकल होटलो और हुक्का बार के चक्कर में पड़ रही है। असामाजिक तत्व साजिश के तहत नशे का आदि बनाकर लव जिहाज जैसे जाल में फंसा कर उनका शोषण करते हैं। श्री खरे ने सभी माता-पिताओं से अनुरोध किया है कि अपने बच्चों का पूरा ख्याल रखें और उन्हें ऐसी जगह पर जाने से रोकें।

# सेक्स्टरशन जैसे गंभीर मुद्दे पर बनी फिल्म आबंट शौकीन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल






एमपी नगर अभिनय मंच एक्टिंग अकादमी में मराठी फिल्म आबंट शौकीन की पत्रकार वार्ता आयोजन किया गया । लबरोस एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी फिल्म आबंट शौकीन के प्रमोशन के कलाकार भोपाल पहुंचे जिस दौरान फिल्म के प्रोड्यूसर मोहित लखोटिया निर्देशक निखिल वर्गर और स्टार कास्ट मोनालिस बगल , पार्थ भालेराव , अक्षय टांकसले ने मीडिया से चर्चा की और फिल्म से जुड़े अपने अनुभव सांझा किए है । बता दे कि मराठी फिल्म आबंट शौकीन फिल्म की कहानी सेक्स्टरशन जैसे गंभीर मुद्दे पर आधारित है ।

**सेक्स्टरशन जैसे मुद्दे बेहद गंभीरः** निर्देशक निखिल वर्गर ने बताया कि इस फिल्म में दिखाया गया है कैसे एक युवक सेक्स्टॉर्शन का शिकार होता है और इस स्थिति से बाहर निकलने की कोशिश करता है। फिल्म आबंट शौकीन का विषय पूरी तरह गंभीर और विचार्जनक है फिल्म देखने के बाद एक बार सोचने पर मजबूर करती है एक सामान्य जीवन जीने वाले युवक को सेक्स्टरशन के चुगल से निकलना कितना मुश्किल होता है ।

**यह रोल भी चैलेंजिंगः** अभिनेता पार्थ भालेराव ने बताया कि फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं उनके लिए हर रोल को तरह यह रोल भी चैलेंजिंग रहा हे यह फिल्म एक ऐसे मुद्दे पर बनी है जिसका शिकार कई लोग हो चुके पर कुछ लोग अपनी परेशानी बता देते हैं और कुछ अपनी परेशानी बता नहीं पाता और ऐसे स्कैम का शिकार होते हैं।

**भोपाल में भी मराठी फिल्मों की ऑडियंसः** अभिनेत्री मोनालिसा बागल ने बताया कि मैं पहली बार भोपाल फिल्म के प्रमोशन के लिए आई हूं मराठी फिल्म मध्य प्रदेश में रिलीज हो रही है. जब मैंने अपने मित्रों और परिवार के लोगों को बताया कि मैं फिल्म के प्रमोशन के लिए भोपाल जा रही हूं तो उन्होंने मुझसे एक ही सवाल किया कि क्या भोपाल में भी मराठी ऑडियंस है तो वह जानकार बहुत खुश हुए की मध्यप्रदेश भोपाल में भी मराठी ऑडियंस है फिल्म 13 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो रहा है, मैं बहुत उत्साहित हूं।

**तीन भाषाओं में डब करने की योजनाः** फिल्म के सब-टाइटल्स अंग्रेजी में होंगे। भविष्य में इसे तीन भाषाओं में डब करने की योजना है। महाराष्ट में सामाजिक मुद्दों पर बनी फिल्मों को खुलकर समर्थन मिलता है और उन्हें मध्य प्रदेश से भी ऐसी ही उम्मीद है।

**सिपरिचुअल एंड वेलनेस समिट-2025 उज्जैन, समिट में आये 1,929 करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव**

# मध्यप्रदेश भारत के वेलनेस मिशन के नेतृत्व को तैयार: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### समिट में हुआ नीति-निवेश अध्यात्म और समाज कल्याण का संगम

### मुख्यमंत्री का निवेशकों को आमंत्रण-मध्यप्रदेश आएं ओर भारत को विश्व गुरू बनाने की यात्रा में सहभागी बनें



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में स्पिरिचुअल एंड वेलनेस समिट में कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के हील इंडिया और 'लाइफ स्टाइल' जैसे दूरदर्शी विचारों से प्रेरित होकर मध्यप्रदेश को समग्र जीवनशैली और वेलनेस नवाचार का ग्लोबल सेंटर बनाया जा रहा है। समिट के माध्यम से प्रदेश ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह भारत के वेलनेस मिशन का नेतृत्व करने को पूरी तरह तैयार है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समिट को एक परिवर्तनकारी पहलबताया और कहा कि यहां नीति, निवेश, अध्यात्म और समाज कल्याण का संगम हुआ है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश अब भारत के वेलनेस मिशन का ग्लोबल इंजन बनने को तत्पर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समिट में वेलनेस और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र के निवेशकों से14 वन-टू-वन बैठकंकों, जिनमें बुनियादी ज़रूरतों, निवेश समर्थक नीतियों और प्राथमिकताओं पर चर्चा हुई। समिट में 1929 करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा एक ही दिन होने का सुखद संयोग हुआ है।

इस अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का प्रदेश में पुनः शुभारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश में 5 करोड़ पौधे रोपे गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि उनकी सरकार रोजगार सृजन के लिए तेजी से काम कर रही है। धार्मिक स्थानों पर सभी चिकित्सा पद्धतियों के बड़े केन्द्र बनाने के पीछे आशय यही है कि दुनिया भर के लोगों को स्वास्थ्य के साथ अध्यात्म भी प्राप्त हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पिछले साल सभी सभागीय मुख्यालयों पर हुई रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और फरवरी में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हुए ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 30 लाख करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, यहां 21 लाख 75 हजार रोजगार सृजन होने की संभावना भी है।

उन्होंने कहा कि हमने 2025 को उद्योग वर्ष घोषित किया है और लगातार सेक्टर वार समिट का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंदसौर और नरसिंहपुर में एग्री समिट के अलावा इंदौर में आईटी समिट के अच्छे परिणाम आए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि नीति आयोग ने प्रदेश को तेज गति से आगे बढ़ने वाले राज्यों में अग्रणी माना है। मध्यप्रदेश में सरप्लस बिजली के साथ उत्कृष्ट अधोसंरचना और नई नीतियों के चलते निवेशकों ने यहां का रूख किया है। उन्होंने एमएसएमई सहित अन्य उद्योग को घोषित नीति अनुसार 5000 करोड़ रूपये का अनुदान दिये जाने का उल्लेख भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश स्पष्ट नीति, सक्षम प्रशासन और मजबूत नेतृत्व के साथ निवेशकों को स्थायित्व और सफलता की गारंटी देता है। उन्होंने सभी वेलनेस उद्यमियों और संस्थाओं से प्रदेश में निवेश करने और उज्जैन से शुरुआत करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, मध्यप्रदेश आएं, और भारत को विश्वगुरु बनाने की यात्रा में भागीदार बनें। समिट में एनआईपीआर अहमदाबाद और एमपीआईडीसी के बीच समझौता हुआ, जिसके अंतर्गत उज्जैन मेडिकल डिवाइस पार्क को तकनीकी और शैक्षणिक सहायता प्राप्त होगी। यह पार्क टेस्टिंग और प्रमाणीकरण हब के रूप में विकसित किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा में हुए शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरूवार को गंगा दशहरा के पर्व पर वाल्मिकी धाम से क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने यात्रा के पूर्व वाल्मिकी धाम परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सिंदूर और त्रिवेणी-नीम, पीपल और बरगद के पौधों का रोपण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी से अपील की कि अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वाल्मिकी धाम में अनंत श्री विभूषित 1008 स्वामी सोहन दास जी महाराज की समाधि पर पुष्प अर्पित किये और मंदिर मे दर्शन किये। उन्होंने संत-जनों से सौजन्य भेंट की और यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं से भी मिले। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि आज का दिन अत्यंत शुभ दिन है। माँ क्षिप्रा से प्रार्थना है कि वे हमारे द्वारा किए गए पूजन अर्चन और परिक्रमा यात्रा को सफल बनाए और सबका कल्याण करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी ओर से सभी को गंगा दशहरा और विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और अन्य सभी श्रद्धालुओं का यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर बनाए गए मंचों से पुष्प-वर्षा कर स्वागत कियागया।

**भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत का सरकार के नाम खुला पत्र, सरकार से पूछे तीखे सवाल,**

# मूंग व उड़द उत्पादक किसानों का सरकार पर फूटा गुस्सा

### किसान संघ सोमवार से मंडियों में किसानों से करेगा संवाद

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक वर्णवाल के द्वारा उड़द व मूंग खरीदी को लेकर जारी बयान कि सरकार उड़द व मूंग की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी नहीं करेगी। श्री वर्णवाल के जारी बयान के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव व मध्यप्रदेश सरकार के खिलाफ किसानों का गुस्सा फूट पड़ा है। सोसल मीडिया पर किसान सरकार व मुख्यमंत्री मोहन यादव को जमकर कोस रहे हैं। प्रदेश में किसानों के सबसे बड़े संगठन भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत के महामंत्री प्रहलाद सिंह पटैल ने मीडिया के माध्यम से सरकार के नाम खुला पत्र जारी करते हुये तीखे सवाल पूंछे है। जिनके उत्तर भारतीय किसान संघ ने सार्वजनिक तौर पर किसानों के समक्ष सरकार व मुख्यमंत्री से रखने को कहा है।

### चरणबद्ध आंदोलन होगा

भारतीय किसान संघ के प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बताया कि मूंग उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी न होने के कारण मूंग व उड़द उत्पादक जिलों के किसान नाराज है। इसलिये किसानों की मांग पर भारतीय किसान संघ चरणबद्ध आंदोलन की शुरूआत कर रहा है। जिसके तहत किसान संघ के कार्यकर्ता सोमवार को महाकौशल प्रांत की सभी मंडियों में जाकर किसानों से उड़द व मूंग खरीदी न होने से होने वाले नुकसान को लेकर संवाद करेगें। किसानों से सलाह व परामर्श के बाद अगले आंदोलन की घोषणा की जायेगी।

### ये हैं सवाल

1. सरकार की किस लैब की जांच रिपोर्ट में मूंग व उड़द को जहरीला रसायन युक्त बताया गया है। मूंग व उड़द की जांच प्रक्रिया सार्वजनिक करे सरकार।
2. खरपतवार नाशक पेस्टीसाइड किसान धान, गेंहू, चना या अन्य अनाज में भी प्रयोग करता है। क्या इनकी जांच में भी जहरीला रसायन पाया गया है।
3. सरकार द्वारा घोषणा पत्र में किया वादा 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी का कब पूरा करेगी सरकार।
4. सरकार किसानों को डीएपी उपलब्ध करायेगी की नहीं। क्या बिना खाद के ही किसान फसल पैदा करे।
5. सरकार घोषित एमएसपी पर फसल खरीदी करेगी की नहीं। मंडियों में एमएसपी पर खरीदी कब प्रारंभ होगी।
6. क्या सरकार किसानों को परेशान कर जमीन छींनकर उद्योगपतियों को देना चाहती है।
7. किसानों के साथ मंडी में जारी लूट कब बंद होगी।
8. किसान को लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य कब मिलेगा।
9. किसान को 10 घंटे थ्री फेस बिजली कब से मिलेगी।
10. हर किसान के खेत पर पानी नहरों से कब तक पहुंचेगा और नहरों की मरम्मत कब होगी।
11. आंध्रा, उड़ीसा राज्यों में खरपतवार नाशक ग्लाइफोसेट पर प्रतिबंध है। मध्यप्रदेश में कब प्रतिबंधित करेगी सरकार।

### 4 वन्य-जीव के शिकार के 3 आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स भोपाल को मिली सूचना के आधार पर शिवपुरी एवं वन मण्डल श्योपुर द्वारा संयुक्त रूप से जिला श्योपुर में अलग-अलग स्थानों पर दल बनाकर घेराबंदी कर छापामार कार्रवाई की गयी। कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश-राजस्थान में वन्य-जीव का शिकार कर उसके अवयवों की तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय संगठित गिरोह के 3 आरोपी दौजी भील, सुनीता दौजी निवासी ग्राम खोहरा जिला दौसा राजस्थान और बेस्ता भील निवासी नयागाँव कराहल जिला शिवपुरी को गिरफ्तार किया गया। स्टेट टाइगर फोर्स द्वारा आरोपियों के पास से वन्य-जीव तेंदुओं के अवयवों की जप्ती की गयी। इन अपराधियों के पास से 9 मोटर साइकिल, 3 मोबाइल जप्त कर वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपियों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा 4 वन्य-जीव तेंदुओं का शिकार किया जाना स्वीकार किया गया। जप्त वन्य-जीव अवयवों को फॉरेंसिक लैब में भेजकर शिकार किये गये वन्य-जीवों की प्रजाति एवं संख्या की पुष्टि करायी जायेगी। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य-जीव ने बताया कि एसटीएसएफ द्वारा उक्त प्रकरण में शामिल 2 आरोपियों को 5 जून को विशेष न्यायालय शिवपुरी के समक्ष पेश किया गया था, जिन्हें 4 दिन के फॉरेस्ट रिमांड पर लिया गया। प्रकरण में लिप्त गिरोह के अन्य सदस्यों की जानकारी प्राप्त करने की कार्यवाही की जा रही है।

### राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन आज

**भोपाल।** केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'नक्शा' वेब जीआईएस प्लेटफॉर्म पर कार्यशाला का शुभारंभ आईआईएसईआर (भौरी), भोपाल में हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य भू-प्रबंधन एवं प्रशासनिक प्रणाली को पारदर्शी और तकनीक सक्षम बनाना है। कार्यशाला में 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राजस्व और नगरीय प्रशासन सचिव, नगर निगम आयुक्त, और 120 से अधिक नगरीय निकायों के 200 से अधिक प्रतिभागियों सहित भू-प्रबंधन से जुड़े पेशेवरों ने भाग लिया। 'नक्शा' वेब-जीआईएस सॉल्यूशन पर आधारित कार्यशाला में इस प्लेटफॉर्म की क्षमताओं का शहरी संपत्ति सर्वेक्षण और भू-स्थानिक डाटा प्रबंधन में उपयोग पर प्रकाश डाला गया। उद्घाटन सत्र में केन्द्रीय भूमि संसाधन विभाग के निदेशक श्री श्याम कुमार, प्रमुख सचिव राजस्व श्री विवेक पोरवाल, आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री संकेत एस. भोंडवे, निदेशक आईआईएसईआर भोपाल प्रो. गोबर्धन दास और परियोजना निदेशक एमपीएसईडीसी श्री गुरु प्रसाद ने संबोधित किया।

### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक 9 जून को

**भोपाल।** अगामी मानसून सत्र 2025 में वर्षा पूर्व बाढ़ से बचाव के लिये राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति की 6 जून को आयोजित बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गई है। यह बैठक 9 जून को मुख्य सचिव प्रतिकक्ष में होगी।

### सहकारिता विभाग पूरी प्लानिंग के साथ सोसायटी और परिसरों में लगाये पौधेः सारंग

भोपाल। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि सहकारिता विभाग पूरी प्लानिंग के साथ हर सोसायटी और विभागीय परिसरों में पौधरोपण करें। उन्होंने इसके लिये राज्य संघ और बीज संघ को इसकी जिम्मेदारी दी। उन्होंने कहा कि दीर्घकालीन और छायादार सहित उपयोगी प्रजाति के पौधो का रोपण किया जाये। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि मास्टर प्लान इस तरह का हो कि संरक्षण और संवर्धन के साथ साल भर में लाखों पौधे लगे। मंत्री श्री सारंग ने गुरूवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ कार्यक्रम के तहत अपेक्स बैंक परिसर में अशोक का पौधा रोपा। अपर मुख्य सचिव श्री अशोक वर्णवाल ने भी पौधरोपण किया।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण-संवर्धन करना और आगे आने वाली पीढ़ी को जागरूक करना हमारी जिम्मेदारी है। हमारी संस्कृति, सनातन, दर्शन, धर्म, विचार सब पर्यावरण से जुडा हुआ है। पर्यावरण का अर्थ है पेड़, पौधे, पहाड, नदियाँ और ईको सिस्टम से मनुष्य पशु-पक्षी सब जुडें हैं। भारतीय संस्कृति नदी को वॉटर बॉडी नहीं मानती, हमारा अध्यात्म दर्शन नदी को माँ मानता है। नर्मदा मैया और गंगा मैया की हम अर्चना करते है, पर्वत को भगवान स्वरूप पूजते है। गोवर्धन पर्वत और कामतानाथ जी की हम परिक्रमा करते है। महिलाएँ साल भर में 5-6 ऐसे त्यौहार मनाती है जिसमें पेड़ों की परिक्रमा की जाती है। हरतालिका तीज जैसे त्यौहारों का विशेष महत्व है। यही नहीं भगवान का वाहन पशु-पक्षी हैं। शिवजी जहां एक ओर नाग को धारण किये है वहीं जटाओं के जरिये माँ गंगा को पृथ्वी पर लाये है। हमारा पूरा दर्शन, सनातन, धर्म, विचार पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विकास की बात की तो विरासत को साथ लेकर चलने की बात की।

## हाईकोर्ट में अंबेडकर मूर्ति विवाद और गहराया, वकील पर FIR से तनाव, जीतू ने कही ये बात



**भोपाल।** ग्वालियर हाईकोर्ट में डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगाने का मुद्दा अब सिर्फ कोर्ट परिसर तक सीमित नहीं रहा। मामला अब सड़कों और सोशल मीडिया तक पहुंच चुका है। बाबा साहब के समर्थक और विरोधी पक्ष के लोग अब सोशल मीडिया पर एक-दूसरे पर अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं। लोगों की पोस्ट की वजह से तनाव और गहराता जा रहा है। मूर्ति लगाने के समर्थक और विरोधियों में सोशल मीडिया पर पोस्ट को लेकर काफी तनाव है। साइबर क्राइम थाने में एडवोकेट आशुतोष दुबे के खिलाफ भी सोशल मीडिया पोस्ट के चलते एफआइआर दर्ज की गई। इसके विरोध में एडवोकेट्स और सवर्ण समाज के लोगों ने मिलकर ग्वालियर एसपी ऑफिस का घेराव किया। पुलिस को भारी फोर्स तैनात करनी पड़ी। प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप था कि बाबा साहब की प्रतिमा के समर्थकों द्वारा देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक पोस्ट की गई है, लेकिन पुलिस ने उनके खिलाफ कोई एफआईआर नहीं की। जबकि एक आवेदन मात्र पर एडवोकेट के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया। उनका कहना था कि यह कार्रवाई एकतरफा है। इस पूरे विवाद के बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगाने की मांग की है। पटवारी ने लिखा कि जब संविधान निर्माता की मूर्ति न्यायालय जैसे गरिमामय स्थल पर नहीं लगेगी तो फिर कहां लगेगी? पटवारी ने अपने पत्र में प्रतिमा लगाने का विरोध कर रहे लोगों को असामाजिक तत्व बताया। उन्होंने कहा कि यह विरोध संविधान और सामाजिक न्याय के मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सब भाजपा की मौन सहमति और संरक्षण में हो रहा है। ग्वालियर पुलिस का कहना है कि वे लगातार दोनों पक्षों को समझाइश दे रहे हैं कि वे सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की विवादस्पद पोस्ट न करें। पुलिस ने बताया कि जिस पोस्ट की शिकायत हुई थी, उस पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है और अन्य शिकायतों पर भी कार्रवाई की जा रही है।

## टेलीमेडिसिन सेवा से मरीजों को घर बैठे विशेषज्ञों से उपचार सुविधा मिलेगी: उप मुख्यमंत्री शुक्ल

### गांधी चिकित्सा महाविद्यालय में नवीन टेलीमेडिसिन सेंटर का किया लोकार्पण



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि टेलीमेडिसिन सेवा से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़ेगी। इस नवाचार से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के मरीजों को विशेषज्ञों द्वारा बेहतर इलाज एवं परामर्श प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के टेलीफोन के माध्यम से विस्तार के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में ई-संजीवनी पोर्टल प्रारंभ किया गया है। इस पोर्टल के द्वारा मरीज विशेषज्ञ चिकित्सकों से घर बैठे निश्शुल्क परामर्श ले सकते है। टेलीमेडिसिन सेवा से मरीजों की रेफरल संख्या भी कम होगी, जिससे मेडिकल कॉलेजों और जिला चिकित्सालयों में दबाव कम होगा। मरीजों को घर बैठे विशेषज्ञों से उपचार सुविधा मिलेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने गुरुवार को गांधी चिकित्सा महाविद्यालय एवं हमीदिया चिकित्सालय, भोपाल में नवीन टेलीमेडिसिन सेंटर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री तरुण राठी, डीन गांधी चिकित्सा महाविद्यालय श्रीमती कविता सिंह सहित विभिन्न विभागों के एचओडी, डॉक्टर्स, प्रोफेसर, अधिकारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में हम स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विशेषज्ञों, मेडिकल स्टॉफ की भर्ती की जा रही है। जिससे मेडिकल स्टॉफ की कमी की पूर्ति होगी। इन विशेषज्ञों की तैनाती ग्रामीण क्षेत्रों में की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों ने बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि किसी समस्या के जड़ से समाधान के लिए जिद और जुनून की आवश्यकता है। टेलिमेडिसिन सेवा तेजी से लोकप्रिय हो रही है। यह सेवा स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। उन्होंने कहा कि इस सेवा का प्रभावी तरीके के क्रियान्वयन किया जाए। टेलीमेडिसिन सेवा से जुड़े विशेषज्ञ प्रोफेसर्स और डॉक्टर्स प्रत्येक मरीज को बेहतर से बेहतर इलाज प्रदान करें। इस सेवा का व्यापक प्रचार करें जिससे कि प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इस सुविधा का ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त कर सकें।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि हमीदिया चिकित्सालय 70 वर्षों के अधिक समय से प्रदेश के मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर रहा है। यहां की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल कैंपस में जर्जर भवनों का रिनोवेशन किया जायेगा। उन्होंने कमला नेहरू हॉस्पिटल में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में परिवर्तित करने की बात भी कही। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने टेलीमेडिसिन हब रूम से सीहोर के मरीज और चिकित्सकों से चर्चा की। उन्होंने प्रेरणा सेवा ट्रस्ट द्वारा हॉस्पिटल को भेंट किए गए ई-रिक्शा का लोकार्पण किया। उन्होंने हॉस्पिटल में स्थापित बेबी फीडिंग रूम का लोकार्पण भी किया। थैलेसीमिया डे केयर सेंटर के बच्चों ने उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया।

## मध्यप्रदेश में इन आईएएस-आईपीएस अधिकारियों को मिली मर्यादा लांघने की सजा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

सरकारी नौकरी सिर्फ ऑर्डर देने के लिए नहीं होती। कुर्सी पर बैठने वाला शख्स समाज का चरित्र होता है, नीति निर्माता होता है। जब ये शख्स खुद अपनी मर्यादा लांघने लगे, तब उसकी एक चूक समाज में सौ दिशाहीन कदमों को जन्म देती है।

मध्यप्रदेश की अफसरशाही में इन दिनों ऐसे ही कुछ अधिकारियों के निजी आचरण ने सुर्खियां बटोरी हैं। इन्होंने खुद अनुशासन और नैतिकता की सीमाएं लांघ दी। शासन-प्रशासन की रीढ़ हिल गई। युवा पीढ़ी के सामने लीडरशिप की परिभाषा धुंधली पड़ने लगी। सरकार ने हाल ही में ऐसे ही वरिष्ठ अफसरों पर सख्त कार्रवाई की है। यह कोई मामूली प्रशासनिक फेरबदल नहीं, बल्कि उन उम्मीदों और मूल्यों को बरकरार रखने की कोशिश है, जिनसे जनता और खासकर युवा वर्ग अपने रोल मॉडल की छवि गढ़ता है।

### केस 1 वर्दी की गरिमा और रिश्तों की जमीन हिली

आईपीएस नागेंद्र सिंह बालाघाट के एसपी के रूप में जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उनकी पत्नी और स्वयं एक आईपीएस अधिकारी वाहिनी सिंह ने ही पति के खिलाफ शिकायत की। वाहिनी सिंह अभी डिंडोरी की एसपी हैं। उनकी यह शिकायत सार्वजनिक उदाहरण बन गई है। सूत्रों के अनुसार, नागेंद्र सिंह किसी महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप के आरोप हैं। पुलिस ने नागेंद्र सिंह को बालाघाट एसपी से हटाकर उन्हें भोपाल की 25वीं बटालियन में पदस्थ किया गया है। बता दें कि यह मामला अब पारिवारिक न्यायालय में विचाराधीन है।

### केस 2 जब सिस्टम ने परिवार को चोट पहुंचाई

दमोह के तहसीलदार शैलेंद्र बिहारी शर्मा का अपनी पत्नी सीएसपी ख्याति मिश्रा और कटनी एसपी अभिजीत रंजन के साथ विवाद लंबे समय से चल रहा है। अब यह फिर गरमा गया है। इसके बाद सुर्खियों में आए एसपी अभिजीत रंजन को हटा दिया गया है। तहसीलदार शर्मा का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने सीएसपी आवास पर उनके परिवार वालों के साथ मारपीट की है। पुलिस ने घर की महिलाओं और आठ साल के बेटे को थाने ले जाकर पीटा है। ये सब कटनी एसपी के निर्देश पर हुआ है। हालांकि आईपीएस अभिजीत रंजन इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हैं। वहीं, सीएसपी ख्याति मिश्रा ने कहा कि उनके तहसीलदार पति ने खुद ही बंगले पर पहुंचकर कर्मचारियों को भगाया है। दरअसल, सीएसपी ख्याति मिश्रा कटनी में ही पदस्थ थीं। एक हफ्ते पहले ही उनका ट्रांसफर अमरपाटन में बतौर एसडीओपी हुआ है।



### केस 3 जब कलेक्टर की निजी जिंदगी बनी थाने की फाइल

नीरज कुमार सिंह उज्जैन कलेक्टर के रूप में पदस्थ थे। उनके घरेलू जीवन में उपजा विवाद इतना गहराया कि उनकी पत्नी को पुलिस में शिकायत करनी पड़ी। इस घटना ने पूरे उज्जैन में प्रशासनिक मर्यादा पर सवाल खड़े कर दिए। एक अफसर का घर जब खुद अशांति का केंद्र बन जाए तो वह शहर को स्थिरता कैसे देगा? सरकार ने गंभीरता से संज्ञान लिया और नीरज सिंह को कलेक्टर पद से हटा दिया। यह फैसला व्यक्तिगत नहीं था, यह पूरे सिस्टम की गरिमा की रक्षा के लिए जरूरी था।

### सीएम ने क्या कहा...

मोहन सरकार ने दो दिन पहले कटनी एसपी अभिजीत रंजन समेत दतिया के एसपी वीरेंद्र कुमार, चंबल रेंज के आईजी सुशांत कुमार सक्सेना और डीआईजी कुमार सौरभ को भी हटाया है। खुद सीएम डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया पर इन अधिकारियों को हटाए जाने की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि कटनी और दतिया के एसपी तथा आईजी, डीआईजी चंबल रेंज द्वारा ऐसा व्यवहार किया गया, जो लोकसेवा में खेदजनक है। इन्हें तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए हैं। वहीं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि कटनी एसपी द्वारा लोकसेवा आदर्श आचरण का उल्लंघन घोर निंदनीय है। उनके दुर्व्यवहार पर कार्रवाई को लेकर सीएम डॉ.यादव से बात हुई थी। मामले का संज्ञान लेते हुए एसपी को तत्काल प्रभाव से हटाने के लिए मैं मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं।

### लोगों की नजरों में अफसर नहीं, आदर्श होते हैं

प्रशासनिक अधिकारी सिर्फ फाइलों और ऑर्डरों तक सीमित नहीं होते। वे लोगों के आदर्श होते हैं, जिनकी एक झलक देखकर कोई छात्र आईपीएस बनने का सपना देखता है, कोई आम इंसान हक की उम्मीद करता है। कोई बच्चा नैतिकता का मतलब समझता है। जब यही अफसर निजी जीवन में अनुशासन छोड़ दें, मर्यादाओं को लांघ दें, तो यह केवल एक परिवार का विघटन भर नहीं, समाज की दिशा का भटकाव होता है।

## संपादकीय

# जश्न और हादसा

तुरत-फुरत क्रिकेट वाले दुनिया के सबसे बड़े वार्षिक उत्सव इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु ने 18वें संस्करण में आईपीएल खिताब जीत लिया। इस कामयाबी से आईपीएल से विदाई ले रहे विराट कोहली को टीम ने खास तोहफा ही दिया। लेकिन इस जीत के जश्न की चमक तब फीकी पड़ गई जब चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में ग्यारह लोगों की दुखद मुत्यु हो गई। घटना ने एक बार फिर हमारे अवैज्ञानिक व लाठी भांजने वाले भीड़ प्रबंधन की ही पोल खोली है। इस जीत के जश्न में हिस्सा लेने आई भीड़ का एक लाख तक होने का अनुमान था। लेकिन लंबे अंतराल के बाद मिली जीत ने लोगों के उत्साह को इस स्तर तक पहुंचा दिया कि स्टेडियम के आसपास दो लाख से अधिक लोगों की भीड़ जमा हो गई। खुद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके मीडिया को जानकारी दी कि घटना में ग्यारह लोगों की मौत हुई है और 33 लोग घायल हो गए हैं। बहरहाल, आईपीएल का आयोजन व्यावसायिक क्रिकेट को नई ऊंचाइयां देने में जरूर सफल रहा है। फटाफट क्रिकेट के दुनिया के सबसे बड़े उत्सव में भारत के दो सर्वकालिक महान खिलाड़ियों विराट कोहली व एमएस धोनी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी। अंततः विराट कोहली का आईपीएल खिताब जीतने का लंबा इंतजार इस जीत के साथ खत्म हुआ। लेकिन धोनी पांच बार की विजेता चेन्नई सुपरकिंग को जीत का खिताब दिलाने से चूक गए। कोहली, पिछले टी-20 विश्व कप और कुछ महीने पहले वनडे चैंपियंस ट्राफी जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं। वे प्रारंभ से ही आईपीएल का खिताब जीतने के लिये दृढ़ संकल्पित दिखे। इसका समापन भी उन्होंने खास अंदाज में किया। क्रिकेट प्रेमियों ने बखूबी देखा कि उनके खेल में वह चमक बरकरार है जो डेढ़ दशक पहले क्रिकेट मैदान में उतरने पर खेल प्रेमियों को चकित किया करती थी। एक तरह से आईपीएल क्रिकेट से कोहली की यह शानदार विदाई साबित हुई। ?वे इस गरिमामय विदाई के हकदार भी थे। हालांकि, वे क्रिकेट के टेस्ट क्रिकेट छोड़कर अन्य प्रारूपों में अपना शानदार खेल दिखाते रहेंगे। वहीं दूसरी ओर एमएस धोनी को आईपीएल में पांच बार की कामयाबी के बावजूद इस बार खिताबी जीत न दिला पाने का मलाल जरूर रहेगा। यह हकीकत है कि चेन्नई सुपर किंग्स की टीम धोनी के अनुभव का लाभ उठाने से चूक गई। वैसे इस बार के आईपीएल टूर्नामेंट में श्रेयस अय्यर ने शानदार प्रदर्शन के जरिये किसी भी फ्रेंचाइजी के लिये जाने-माने कप्तान के रूप में अपनी स्थिति मजबूत ही की है। बीते साल कोलकाता नाइट राइडर्स को जीत दिलाने के बाद उन्होंने पंजाब किंग्स का नेतृत्व संभाला। उनके नेतृत्व में पंजाब किंग्स ने पिछले एक दशक के बाद प्रभावशाली प्रदर्शन के जरिये फाइनल में जगह मजबूत की। वह बात अलग है कि फाइनल में श्रेयस की प्रतिभा को श्रेय न मिल सका। हालांकि, बाकी मैचों में उन्होंने टीम को प्रभावशाली नेतृत्व जरूर दिया। भारत के नये टेस्ट क्रिकेट कप्तान शुभमन गिल ने टूर्नामेंट के अंत में लड़खड़ाने से पहले गुजरात टाइटन्स का अच्छा नेतृत्व दिया। हार्दिक पांड्या ने मुंबई इंडियंस को तब तक मुकाबले में बनाए रखा जब तक कि वह साहसी पंजाब की टीम द्वारा बाहर नहीं हो गई। निस्संदेह, इस आईपीएल टूर्नामेंट में युवा ब्रिगेड ने पूरी ताकत झोंककर उम्मीदों को नया मुकाम दिलाया। अब चाहे वह अभिषेक शर्मा हों, प्रियांश आर्य, आयुष म्हात्रे, साई सुदर्शन, शशांक सिंह या ऑल-ऑफ-14 वैभव सूर्यवंशी हों। उल्लेखनीय है कि इस आयोजन पर भारत पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष की छाया भी पड़ी। लेकिन थोड़े व्यवधान के बावजूद खेल जारी रहा। सीमा पर तनाव के बीच भारत व पाकिस्तान की क्रिकेट लीग चलती रही है, लेकिन लोकप्रियता की बाजी भारत ने मारी।

### विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस

# धरती पर रहने वाले हर व्यक्ति को अच्छा आहार मिले ताकि किसी की सेहत प्रभावित न हो, सभी स्वस्थ जीवन जी सकें

## स्वास्थ्य के सर्वांगीण विकास के लिए खाद्य सुरक्षा विषय को शिक्षा का प्रमुख विषय होना चाहिये



– योग गुरु महेश अग्रवाल



आदर्श योग आध्यात्मिक योग केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल कई वर्षो से निःशुल्क योग प्रशिक्षण के द्वारा लोगों को स्वस्थ जीवन जीने की कला सीखा रहें है। वर्तमान में भी ऑनलाइन एवं प्रत्यक्ष माध्यम से यह क्रम अनवरत चल रहा है। योग प्रशिक्षण के दौरान केंद्र पर योग साधकों को आहार को कैसे ग्रहण करना, कब करना, कितनी मात्रा में, कैसे उसको सुरक्षित रखना, सही गुणवत्ता एवं पोषक तत्वों के बारे में भी जागरूक किया जाता हैं।

योग गुरु महेश अग्रवाल ने विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 7 जून के अवसर पर कहा कि हमारी शिक्षा के प्रमुख विषयों में ही इस को शामिल कर लेना चाहिए, स्वास्थ्य के सर्वांगीण विकास के लिए भोज्य पदार्थों के प्रमुख अवयवों के बारे में समुचित ज्ञान आवश्यक है क्योंकि आवश्कतानुसार लोग तब इनकी खोज उन स्त्रोतों में कर पायेंगे जहां से इन्हें मूल रूप में प्राप्त किया जा सकता है और एक सन्तुलित भोजन प्रणाली का विकास कर मानव शरीर को समुचित पोषण प्राप्त कराने की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हो सकता है। आहार से ही शरीर उत्पन्न होता है और सभी रोग भी आहार के दोष से ही होते हैं।

इस दिन को मनाए जाने का उद्देश्य विभिन्न खाद्य जनित जोखिमों और इसके रोकथाम के उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। साथ ही, इस दिन एक जागरूकता अभियान भी चलाया जाता है कि किस प्रकार खाद्य सुरक्षा हमारे लिए अधिक महत्वपूर्ण है, जो जीवन के विभिन्न अन्य महत्वपूर्ण कारकों जैसे मानव स्वास्थ्य, आर्थिक विकास और कई अन्य से संबंधित है। इसके अलावा, इस दिन निश्चित रूप से खाद्य सुरक्षा और कृषि, सतत विकास और बाजार पहुंच जैसे अन्य तत्वों के बीच एक संबंध भी सुनिश्चित किया जाता है।

प्रतिदिन लोग कई सारे खाद्य पदार्थों का सेवन करते हैं। खाद्य सुरक्षा द्वारा यह तय किया जाता है कि खाद्य पदार्थ को खाने से पहले उसके उत्पादन, प्रसंस्करण, भंडारण, वितरण, तैयारी तक खाद्य श्रृंखला का हर चरण लोगों की सेहत के लिहाज से सुरक्षित हो। इसी उद्देश्य के साथ प्रतिवर्ष लोगों को जागरूक करने के लिए विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा यह निर्धारित करती है कि धरती पर रहने वाले हर व्यक्ति को अच्छा आहार मिले ताकि किसी की सेहत प्रभावित न हो, सभी स्वस्थ जीवन जी सकें। आज भी कई सारे देशों में लोगों को ऐसा भोजन मिलता है जिसकी गुणवत्ता का कोई स्तर नहीं होता है। यह आहार लोगों को बीमार करता है जो कि पूरे विश्व के लिए चिंता का विषय बनता जा रहा है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, दूषित खाद्य या बैक्टीरिया युक्त खाद्य से हर साल 10 में से एक व्यक्ति बीमार होता है। खाद्य सुरक्षा- क्रियाशील विज्ञान थीम के अंतर्गत 7 जून 2025 को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस का विषय बीमारी को कम करने, लागत में कटौती करने और जीवन बचाने के लिए वैज्ञानिक ज्ञान के उपयोग की ओर ध्यान आकर्षित करता है। इस थीम के जरिए लोगों को खाने के लिए तय मानकों का महत्व समझाना है। यदि आज हम अच्छा भोजन आहार के रूप में लेंगे तो हमारा कल भी बेहतर होगा, हम स्वस्थ रहेंगे।

योग गुरु अग्रवाल ने भोजन की परम्परायें एवं जीवन शैली का प्रभाव के बारे में बताया कि दुनिया के प्रत्येक हिस्से में लोगों ने काल, देश, भौगोलिक स्थिति, आदि के आधार पर अपने लिए तथा अपनी जाति या परम्परा में भोजन ग्रहण करने की आदतों का विकास किया है। धीरे-धीरे वहां के लोगों की, देश की भोजन ग्रहण की एक निश्चित प्रणाली या आदतों का विकास होता है। लेकिन मूलतः निम्नलिखित ऐसे घटक हैं जो भोजन की आदतों का निर्धारण करते हैं।

**आहार की उपलब्धि :** किसी देश की आहार प्रणाली के विकास में यह सर्वप्रथम महत्वपूर्ण है कि वहाँ कौन-कौन से भोज्य पदार्थ उपलब्ध हैं।

**आर्थिक घटक :** दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि किसी व्यक्ति या जाति विशेष की क्रय क्षमता क्या है ? यह भी भोजन के प्रणाली या आदतों का निर्धारण करती है।

**पारिवारिक संगठन:** पारिवारिक, सामाजिक तौर-तरीके की भूमिका बड़ी महत्वपूर्ण है क्योंकि पीढ़ियों से चली आ रही व्यंजन पकाने और उसे भोजन का अंग बनाने में धार्मिक जातीय, प्रांतीय तथा पारिवारिक तौर-तरीके उनकी मूल-भावना के रूप में हमेशा परिलक्षित होती रहती है।

भावनात्मक पक्ष -यह भी एक शाश्वत पक्ष है जो किसी जाति, परिवार या देश काल में भोजन की प्रणाली की ओर आदतों का विकास करती है।

**स्वाद लोलुपता:** यह व्यक्तिगत घटक है। परन्तु यह भी कालान्तर से परिवार, समाज विशेष और प्रांत विशेष के भोज्य पदार्थों और उनकी आदतों का निर्धारण करती है।

शिक्षा - यह एक महत्वपूर्ण घटक है क्योंकि लोगों के भोजन की आदतें उनकी उचित अनुचित जानकारी से काफी प्रभावित होती है।

प्राचीन भोजन प्रणाली वैज्ञानिकों तथा विशेषज्ञों ने विभिन्न प्राचीन सभ्यताओं में भोजन की प्रणाली , पर विस्तृत शोधकार्य किये हैं। ऐसा पाया गया कि सिन्धु घाटी की सभ्यता हो या यूनानी या यूरोपीय सभ्यता हर जगह लोगों ने हमेशा भोज्य पदार्थ को उगाने और उन्हें प्राकृतिक रूप में उपयोग कर अपने उत्तम स्वास्थ्य को प्राप्त करने के प्रयल किये हैं। ऐसे संकेत वेद या पौराणिक ग्रन्थों के अभिलेखों इत्यादि से मिलते रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात जो सामने उभर कर आयी है वह यह है कि इन युगों में मानव ने अपनी धरती में, अपनी जलवायु में जो कुछ बोया, उगाया और काटा उसे ही प्राकृतिक रूप में बिना उसके रासायनिक घटकों को नुकसान पहुचाये, मूल रूप में ईश्वर या प्रकृति का प्रसाद मान कर ग्रहण किया और इसी ने उन्हें लम्बी आयु, निरोग शरीर और स्वस्थ मन दिया। उनके खेती करने के तरीकों में सहज औजार थे, प्राकृतिक खाद, गोबर, पत्ते अर्थात् कम्पोस्ट खाद की ही सहज जानकारी मात्र थी। उनके पास जहरीली कीटाणु नाशक औषधि नहीं थी, न तो उन्हें भोजनों को डिब्बों में बन्द करने या फ्रीज करने की तकनीक मालूम थी। फिर भी उनके भोज्य पदार्थ भी अनेक प्रकार के थे और वे नाना प्रकार के स्त्रोतों से लाये गये होते थे। वे मांसाहारी भी थे, लेकिन शिकार के बाद तुरंत शिकार किये गये जानवर को आग में भून कर खा लिया करते थे। उनमें जानवरों के कच्चे दूध का पान करने वाले लोग भी थे। लेकिन जो भी उन्हें भोजन के रूप में अपनी धरती-माता, अपनी जलवायु में, खास मौसमों में मिला, अपना भोज्य पदार्थ बनाया फलतः इनका प्रभाव इनके जीवन शैली पर पड़ा। ये लोग कम से कम बीमार पड़ते थे। इनके शरीर में वात, पित्त तथा कफ संयमित था तथा रक्त में कोलेस्ट्राल की मात्रा संतुलित थी।

एक शोधकर्ता ने विश्व भर के कई आदिम जाति, पहाड़ों में रहने वाले लोगों के खान-पान पर काफी रोचक तथ्य संग्रह किये है। इन्होंने अपने अध्ययन में पाया है कि ये परम्परागत तौर-तरीकों से भोजन प्रकृति से प्राप्त करते थे और भोज्य पदार्थों की मौलिकता को बिना नष्ट किये सरल ढंग से तैयार कर ग्रहण करते थे। जिसमें विशेष तरह के कंद-मूल, फल, केला, इत्यादि ग्रहण किया करते थे और आज भी अपने आप में ÷स्वस्थ-मानव÷ के सही प्रतिरूप हैं। इन जातियों में दांत की बीमारी नहीं के बराबर पायी गई। हृदय रोग, कैंसर, तथा अन्य बीमारियां जो आधुनिक लोगों के बीच बड़ी मात्रा में व्याप्त हैं ये उनकी जातियों में कहीं नहीं देखी गई।

उनका कहना है कि यह कहते हुए हमें दुःख हो रहा है कि जैसे ही वे लोग अमेरिकी निवासियों के सम्पर्क में आये और जब इन जातियों ने आज के अमेरिकी कृत्रिम भोज्य-पदार्थों को अपनाया तो वे सारी बीमारियां तेजी से फैली जो आज की आधुनिक अमेरिकी सभ्यता के अन्दर व्याप्त है। अब यह एक समस्या पैदा हो गई है कि इन आदिम जातियों की रक्षा कैसे की जाये ? आगे चलकर उन्होंने ऐसे लोगों के जीवन का भी अध्ययन किया जिन्होंने चीनी या नमक का उपयोग अभी तक नहीं सीखा था। ये विविध प्रकार के भोजन ग्रहण करते थे जिनमें मांस, मछली, अंडे, अन्न,दालें, फल, साग-सब्जी, समुद्री साग, या जंगली जानवरों के उपर ही जीवन यापन करते थे।

और तो और अपने देश में अब मेक्डोनाल्ड वाले आ गए हैं जिसके स्टाल दिल्ली, मुंबई, कलकत्ता जैसे शहरों में अमीर लोगों से भरे रहते हैं। ये भोजन अत्यंत ही बेशकीमती, जायकेदार होते हुए भी अत्यल्प पोषक तत्वों वाले होते हैं। अगर यही सिलसिला जारी रहा तो भारत में भी अमेरिका की तरह समृद्ध लोगों के कुपोषण से शिकार होकर हृदय रोग, कैंसर इत्यादि अन्य बीमारियों का प्रतिशत अत्याधिक बढ़ जाएगा। अतः समय रहते ही सचेत होने की आवश्यकता है। अमेरिका के एक पोषण विज्ञान के शोधकर्ता ने अमेरिकी भोजन पद्धति के ऊपर विशेष चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा है कि हमारी जाति भोजनों के कुपोषण के माध्यम से धीरे-धीरे एक ऐसी अवस्था की ओर जा रही है जो विनाशकारी साबित हो सकती है। अतः उन्होंने अपने तथाकथित सभ्य समाज के लोगों से अनुरोध किया है कि वे अपने खाने की आदतों को बदलें और यथोचित परिमाण में जीवनदायिनी भोज्य पदार्थों का सेवन करें तभी हम अपनी सभ्यता को बचाकर रख पायेंगे।

# बिना नींव की इमारत

राकेश शर्मा



आज की तारीख़ में कांग्रेस को बिना नींव की इमारत कहा जा सकता है जिसकी सल्तनत एक राजशाही परिवार के हाथ में है । वहीं से हुक्म निकलता है और सारे बचे कूचे चुगलखोर चमचे जी हुजूर , जी हजूर कहते हुए साष्टांग मुद्रा में दिखाई देते हैं । यदि राजशाही परिवार का राजकुमार रात के गहरे अंधकार में कह से की दिन है तो ये चमचे कहने लगते हैं की हजूर दोपहर हो रही है , सूर्य चमक रहा है , गर्मी की तपिश से लू चल रही है । इसके साथ ही राजकुमार प्रसन्न हो जाता है और इन तनखाई चमचों की पदोन्नति कर देता है । जो सत्य जानते है वह बगले झांकते है और सही समय पर ऐसे राजकुमार को लात मार कर कहीं और ठिकाना ढूंढ लेते है । आत्म हत्या करने पर उतारू राजशाही परिवार और उसके राजकुमार के साथ को विवेकशील व्यक्ति कैसे रह सकता है, सभी को अपना अपना भविष्य देखना है। पिछले बीस वर्ष में इस सनकी राजकुमार ने कांग्रेस को कहाँ से कहाँ धरातल में पहुँचा दिया है ।

आजकल ये राजकुमार ÷संगठन सृजन अभियान ÷ पर निकले हुए हैं । जहाँ संगठन या संगठन का बीज भी ना हो वहाँ सृजन कैसे होगा या बिना संगठन या सृजन के कैसा अभियान चलेगा । खैर यह सब राजशाही परिवार, उसका राजकुमार या उसके चंद बचे कूचे चमचे जाने क्यूंकि जब सद्बुद्धि वाले कांग्रेसी कर्मठ कार्यकर्ता कुछ मुर्दे में जान फूंकने का प्रयास करते है यह सनकी राजकुमार कुछ ऐसा बयान दे देता है जिससे लगने लगता है की या तो इसने कांग्रेस को समाप्त करने की बीजेपी से सुपारी ले रखी है या पाकिस्तान और चीन ने इसे अपना भारत में राजदूत नियुक्त कर दिया है । कुछ तो है जो अजीब अजीब बयान देकर मानसिक रोगियों जैसी हँसी हँसने लगता है ।

**अब भोपाल में दिए गए एक बयान को ही लें -**राहुल गांधी ने कांग्रेस के कुछ नेताओं को बताया लंगड़ा घोड़ा, अब कांग्रेस के नेता पूछ रहे हैं कौन कौन है वो लंगड़ा घोड़ा। राहुल गांधी ने भोपाल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक में कांग्रेस नेताओं की तुलना घोड़े से कर दी, उन्होंने कांग्रेस पार्टी में तीन तरह के ÷घोड़ों÷ की बात की- रेस का घोड़ा, बारात का घोड़ा, और लंगड़ा घोड़ा। उन्होंने कहा कि पार्टी को अब इनमें फर्क करना होगा और ÷लंगड़े घोड़ों÷ को रिटायर करना होगा ताकि संगठन को और मजबूत किया जा सके। राहुल गांधी ने किसी का नाम तो नहीं लिया, लेकिन इस बयान को लेकर सोशल मीडिया और राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। कुछ लोग इसे मध्यप्रदेश के वरिष्ठ नेता कमलनाथ या अन्य निष्क्रिय नेताओं पर अप्रत्यक्ष टिप्पणी मान रहे हैं। और कुछ कह रहे हैं की यह टिप्पणी शशि थरूर , मनीष तिवारी, सलमान खुर्शीद, और आनंद शर्मा पर है जिन्होंने हाल ही के विदेशी दौरों में भारत का पक्ष मजबूती से रखा और यह राहुल गांधी को अखर गया । उनके चम्चों ने शशि थरूर को बीजेपी का मुख्य प्रवक्ता और प्रधानमंत्री पद का दावेदार तक कह दिया । इनकी तुलना पहलगाम के आतंकियों से भी कर दी जो अभी तक खुले घूम रहें हैं और ये सब भी विदेशों में सैर सपाटा कर रहें हैं। कैसी पापी सोच हो गई है । कहावत सही है की विनाशकाले विपरीत बुद्धि ।

अब जहाँ पूरे विश्व में और देश की 140 करोड़ जनता में ऑपरेशन सिंदूर की प्रसंशा हो रही है राहुल इसे नरेंद्र सरेंडर कह कर भारतीय सेना और प्रधानमंत्री का मज़ाक बना रहे है। और राहुल के चमचे इस विषय को लेकर और भी भद्दी भद्दी बातें कह रहे है जैसे मुकद्दर के सिकंदर का सरेंडर इत्यादि इत्यादि । अभी ऑपरेशन सिंदूर चल रहा है और है और जो बात पाकिस्तान भी नही कह रहा वहाँ राहुल सरकार से हिसाब माँग रहे हैं की हमारे कितने जेट गिरे। शायद इन्हें भारत के गौरवपूर्ण पलों की कोई खुशी ही नहीं होती है, मातम मनाने लगते हैं ।

यह मंदबुद्धि राजकुमार विदेशी धरती पर जाकर भारत को राष्ट्र ही नहीं मानता और कहता है की यह तो राज्यों का समूह है, कभी कहता है की अमेरिका और यूरोप को भारत में लोकतंत्र बचाने में मदद करनी चाहिए, कभी कहता है की भारत में सरदारों को पगड़ी और कढ़ा पहनने की इजाजत नहीं है ।

यह सब बातें सुनकर भारत राष्ट्र में इसका मजाक उड़ता है । मेरा मानना गई कि कांग्रेस को सबसे पहले संगठन सृजन अभियान की जगह इस राजशाही परिवार के राजकुमार को कांग्रेस से बाहर का रास्ता दिखाना चाहिए संगठन और सृजन स्वतः हो जाएगा और कांग्रेस सत्ता में पुनः वापसी का स्वप्न देख सकती है वरना तो देर सेवर पुष्प अवश्य चढ़ेंगे ।

# असमानताओं से बाधित साक्षरता



राकेश दुबे

भारत में साक्षरता का प्रतिशत 81 प्रतिशत होना एक सराहनीय उपलब्धि एवं मील का पत्थर है। देश की आजादी के वक्त की साक्षरता स्थिति से इसकी तुलना करें तो इसे उपलब्धि की तौर पर देखा जाना चाहिए। किसी समाज में साक्षरता का स्तर उसकी प्रगति का आईना ही होता है। ये आंकड़े हमारे समाज की शिक्षा तक पहुंच में निरंतरता का पर्याय भी हैं।

2023-24 के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण यानी पीएलएफएस के आंकड़ों से यह भी उजागर होता है कि सार्वभौमिक साक्षरता की ओर राष्ट्र का यह कदम निरंतर कई असमानताओं से भी बाधित है। खासतौर पर यह भेद लिंग और क्षेत्रीय आधार पर नजर आता है। उदाहरण के लिए देखें तो शहरी क्षेत्रों में साक्षरता की दर ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक है। जिसका मुख्य कारण शहर केंद्रित विकास को तरजीह व शिक्षा के लिये अनुकूल परिस्थितियों का होना भी है। आंकड़े बताते हैं कि शहरी भारत में साक्षरता की दर 88.9 है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में यह 77.5 प्रतिशत ही हो पायी है। निश्चित रूप से विभिन्न राज्यों में प्रतिध्वनित यह शहरी व ग्रामीण साक्षरता का अंतर शिक्षा के बुनियादी ढांचे, योग्य शिक्षकों की उपलब्धता और सीखने के अवसरों में असमानता को ही दर्शाता है। कमोबेश इसी प्रकार देश के विभिन्न राज्यों में लैंगिक असमानताएं भी नजर आती हैं। यह विडंबना की कही जाएगी कि कई राज्यों में लड़कियों की शिक्षा पर दशकों से नीतिगत स्तर ध्यान केंद्रित करने के बावजूद पुरुष साक्षरता महिला साक्षरता के मुकाबले कहीं आगे नजर आती है। निश्चित रूप से इसके मूल में सामाजिक रूढ़ियां, सामाजिक चेतना का अभाव व आर्थिक विकास की विसंगतियां निहित हैं। जिसके चलते लड़कियों को शिक्षा के पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाते। जटिल भौगोलिक परिस्थितियों के बीच स्कूलों की दूरी और आवागमन की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध न हो पाना भी महिला शिक्षा के प्रतिशत में गिरावट का कारक बनती है। इन तमाम कारणों को नये सिरे से संबोधित करने की जरूरत है।

कुछ राज्यों में लक्ष्यों पर केंद्रित अभियानों व शासन-प्रशासन की सक्रियता के सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं। लक्षद्वीप, दिल्ली, तमिलनाडु और त्रिपुरा के परिणाम दर्शाते हैं कि जब शासन की सक्रियता, लोगों की पहुंच और सामुदायिक जुड़ाव एक साथ आते हैं तो कुछ भी संभव है। दरअसल, आर्थिक विसंगतियों से जूझते व सामाजिक व आर्थिक सुधारों को अमल में न ला सकने वाले राज्य साक्षरता के लक्ष्य राष्ट्रीय अनुपात में नहीं प्राप्त कर सके। सबसे कम साक्षरता दर वाले बिहार की स्थिति गरीबी,अपर्याप्त स्कूली शिक्षा, सांस्कृतिक कारकों व शिक्षा की राह में बाधा डालने वाली सामाजिक बाधाओं के जटिल अंतर्संबंध को रेखांकित करती है। यहां इन उत्साहजनक आंकड़ों के बावजूद कई सवाल हमारे सामने पैदा होते हैं। प्रश्न यह भी है कि हम किस तरह की साक्षरता विकसित कर रहे हैं? क्या शिक्षा की गुणवत्ता इस स्तर की है कि वो लोगों के जीवन में व्यापक बदलावों का कारक बन सके? बात सिर्फ आंकड़ों की नहीं है पड़ताल इस बात की भी की जानी चाहिए कि साक्षरता क्या वास्तव में प्रगतिशील सोच, नागरिक दायित्वों और आर्थिक जीवन में सार्थक रूप से भाग लेने की क्षमता विकसित करती है? इन हालिया आंकड़ों में जो शामिल नहीं हो सके हैं, खासकर हाशिये पर गए समुदाय, उन्हें साक्षरता की सफलता से जोड़ना हमारा प्राथमिक लक्ष्य होना चाहिए। जरूरत इस बात की भी है कि स्कूली शिक्षा गुणवत्तापूर्ण हो, शिक्षकों को पर्याप्त प्रशिक्षण मिले, उनकी डिजिटल शिक्षा तक भी पहुंच हो तथा शिक्षा में निवेश बढ़ाया जाये। आवश्यकता यह भी है कि नई शिक्षा नीति के ही अनुरूप प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में दी जाए। इसके साथ यह भी जरूरी है कि वयस्क साक्षरता अभियानों को प्राथमिकता दी जाए। खासकर आर्थिक रूप से पिछड़े व संसाधनों के अभाव वाले राज्यों में।

# पशुओं का खून बहाना कहीं से कहीं तक उचित नहीं है



कौशल किशोर चतुर्वेदी

पशुओं का खून बहाना कहीं से कहीं तक उचित नहीं हैज्वन्यजीव प्रेमी और शाकाहारी यह बात बड़ी आसानी से बोल सकते हैं, पर जब यह बात कोई मुस्लिम आईएएस अफसर बोले तब इस पर चर्चा होना स्वाभाविक है, भले ही वह शाकाहारी ही क्यों न हो। वैसे मध्य प्रदेश कैडर के आईएएस अफसर नियाज खान अपने विचारों और लेखन के विषयों को लेकर अक्सर चर्चा में रहे हैं। और बकरीद के पहले उनका यह ट्वीट करना की पशुओं का खून बहाना कहीं से कहीं तक उचित नहीं है, शायद पूरे मुस्लिम संप्रदाय को हैरानी में डालने वाला है। पर नियाज खान के विचारों को पूरी तरह से नकारा नहीं जा सकता। और नियाज खान की यह बात खाली मुसलमानों के लिए नहीं बल्कि पशुओं का खून बहाने वाले हर जाति, धर्म, संप्रदाय के लोगों के लिए है।

नियाज खान के ट्वीट पर कमेंट्स को भी नकारा नहीं जा सकता। वन्य जीव प्रेमियों ने उनके ट्वीट पर समर्थन में कमेंट किए हैं तो मांसाहारी लोगों के कमेंट नियाज खान को चुभने वाले हो सकते हैं। एक कमेंट यह है कि अपनी दकियानूसी विचारधारा से बाहर निकलो। दुनिया की 70त्न आबादी मांसाहार को अपना चुकी है और खुशी-खुशी अपना जीवन व्यतीत कर रही है। तुम मुसलमान लोग सरकार को खुश कर अच्छी पोस्टिंग पाने के लिए 70त्न लोगों की चॉइस को बुरा बोलते हो जबकि रोज रात में घर के अंदर बिरयानी और चिकन फ्राय खाते हो। हालांकि इस कमेंट पर भी पूरी तरह से सहमत नहीं हुआ जा सकता है लेकिन सोशल प्लेटफॉर्म पर अपनी बात रखने का हक सबको है। और उन्हें पूरी तरह से नकारा भी नहीं जा सकता। ऐसा ही एक दूसरा कमेंट यह भी है कि 100त्न सहमत, ईश्वर हमेशा दयावान होते हैं उन्हें पशु क्रूरता और निर्दयता कभी पसंद नहीं आ सकती,ये तो नीचे मनुष्यों ने अपने हिसाब से प्रथाएं चला दी हैं। यह कमेंट भी सभी को पूरी तरह से सहमत नहीं कर सकता है। हालांकि यह कमेंट भी विचार योग्य है कि जीव हत्या से मनुष्य हत्या तक का सफर मजहब के नाम पर ही तय होता है। मजहब यदि जीव हत्या को सही बताता है तो उसको मानने वाला कभी सात्विक नहीं हो सकता है।



पर नियाज खान की यह बात बिल्कुल सही है कि यह धरती केवल मनुष्यों के ही लिए नहीं है। पेड़, पौधे, जीव जंतु इन सबका भी अधिकार है। इन सबकी भी रक्षा होनी चाहिए। और वैसे भी देखा जाए तो कभी नरबलि का भी एक दौर था लेकिन समाज और सरकार के सहयोग से आज ऐसी घृणित और वीभत्स परिपाटियों का खात्मा संभव हुआ। और नरबलि की जगह प्रतीकात्मक तौर पर नारियल फोड़ने या बलि के संकेतात्मक तरीको? को अपनाया गया। और यह कहा जा सकता है की जितनी घृणित नरबलि की परंपरा थी उतनी ही बलि की दूसरी परंपराएं हैं जिसमें बेजुबानों को बेवजह ही मौत के घाट उतारा जाता है। आखिर नियाज खान की यह बात भी नकारी नहीं जा सकती कि दुनिया में सबसे ज्यादा शाकाहरी भारत में हैं। जिस तरह हमने योग को दुनिया के कोने-कोने पहुंचाया है उसी तरह शाकाहार को भी पूरे विश्व में पहुंचना चाहिए। कभी जीव जंतुओं को ध्यान से देखें उन्हें भी प्रेम करना आता है। अगर पशुओं के लिए दिल में मोहब्बत होगी तो आप खुद शाकाहारी हो जाएंगे।

तो नफरत की बात करने वालों को मोहब्बत के इस तरीके पर भी विचार करना चाहिए। मांसाहारियों को भी यह विचार करना चाहिए कि किसी त्योहार के दिन किसी जीव की बलि देकर आखिर क्या हासिल किया जा सकता हैज्नफरत या मोहब्बतज। जीवों को जीवनदान देकर त्यौहार की खुशी का अहसास भी एक बार अवश्य करना चाहिएज। यह बात सौ फीसदी सही है कि पशुओं का खून बहाना कहीं से कहीं तक उचित नहीं हैज्और खासकर खुशी के त्योहारों पर ऐसी परंपराओं को पुनर्विचार के दायरे में लाया जाएज।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म. प्र. ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## पौधा वृक्षारोपण किया



**आष्टा।** प्रकृति को सहेजना हम सभी का दायित्व है और कर्तव्य भी आज आष्टा में पूर्व मंत्री भैया श्री सज्जन सिंह जी वर्मा जी ओर सभी साथियों के साथ रेस्ट हाउस में वर्षा काल के प्रारंभ होने पर नीम का पौधा वृक्षारोपण किया। आइए इस वर्षाकाल हम सभी अनेकों पौधे लगाकर प्रकृति का संरक्षण करें।

## जिला औषधि विक्रेता संघ की ओर से 50 टी.बी. मरीजों को पोषण सहायता किट वितरित



**दमोह।** जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने बताया कि प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत के तहत नि-क्षय मित्र टी.बी. मरीजों को पौष्टिक आहार देकर उनके स्वस्थ्य होने में मदद करते है। आज जिला औषधि विक्रेता संघ की ओर से जिला क्षय इकाई दमोह सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कुल 50 टी.बी. मरीजों को पोषण सहायता किट प्रदान की गई।

## धोखाधड़ी का फरार आरोपी को हरियाणा से किया गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले मे धनपुरी पुलिस ने धोखाधड़ी करने वाले फरार आरोपी शिवेन्द्र तिवारी को हरियाणा से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित रामदयाल वर्मन निवासी धनपुरी ने शिकायत करते हुए बताया था कि दीपक शर्मा व शशांक तिवारी उसका खाता एक्सिस बैंक अनूपपुर में खुलवाकर चेकबुक, पासबुक, एटीएम अपने पास रख लिए थे और षडयंत्रपूर्वक धोखाधड़ी कर खाते में यूपीआई, आरटीजीएस एवं एनईएफटी के माध्यम से अवैध तरीके से करीबन 2422000 रुपए जमा कराए थे।

जमा राशि को चेकों के माध्यम से निकाल कर धोखाधड़ी की थी। शिकायत पर तीन आरोपियों के विरूद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज करते हुए दो आरापी दीपक शर्मा एवं शशांक तिवारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था, जबकि शिवेन्द्र तिवारी पिता अशोक तिवारी 28 वर्ष निवासी महालक्ष्मीनगर इंदौर घटना दिनांक से फरार था, जिसे पुलिस ने 31 मई को हरियाणा से गिरफ्तार किया है।

## स्थानों से शराब जब्त

**शहडोल।** जिले में शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाने पुलिस अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में दबिश देकर पुलिस ने शराब जब्त की है। पुलिस ने पांच स्थानों से कुल 30 लीटर कच्ची शराब कीमत 3000 रुपए जब्त करते हुए आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## स्वस्थ समाज बनाएंगे पर्यावरण को बचाएंगे -डॉ भूपेंद्र नागर

**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल ओबेदुल्लागंज द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ भूपेन्द्र नागर ने बोला कि अधिक से अधिक पौधारोपण के माध्यम से धरती को हरा भरा बनाएं और पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा,वरिष्ठ नेता अशोक यादव, सुरजीत सिंह बिल्ले मंडल महामंत्री माधव यादव, शिवराज उईके,वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष माखन परमार, हरगोविंद वर्मा, नरेंद्र शर्मा नंदू ,कोमल सिंह चौहान, मनोज चौरसिया, पार्षद दीपू परमार, ब्रांड एंबेसडर पुरुषोत्तम शर्मा, जनपद सदस्य रूपेश चौहान, महेंद्र चौहान,कांता पटेल सहित जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे !



# पर्यावरण संरक्षण हम सब की जिम्मेदारी -श्रद्धा पेंन्द्रे

### विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम



**शहडोल।** पर्यावरण को संरक्षण एवं सुरक्षित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। हम सभी को चाहिए प्रतिदिन हम सभी एक पेड़ जरूर लगाए ये सभी उद्गार विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए दक्षिण वन मण्डल डीएफओ श्रद्धा पेंन्द्रे व्यक्त किये।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दक्षिण वन मण्डल शहडोल द्वारा जिले मे मैराथन दौड़ का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया गया। दौड़ मे शहडोल के कई युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति युवा नई पीढ़ी के तहत जागरूकता कार्यक्रम÷ की थीम लेकर धावक जय स्तंभ चौक से होते हुए वन संरक्षक कार्यालय, गॉधी चौक, बुढ़ार चौक, लल्लू चौक, नरसरहा डिपो तक मैराथन दौड़ के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का सन्देश देते नजर आये। दौड़ पश्चात शहर के नर्सरहा डिपो मे पर्यावरण संरक्षण को लेकर नुक्कड़ नाटक का प्रस्तुतीकरण दिया गया

कार्यक्रम को लेकर मुख्य अतिथियों / विशिष्ठ अतिथियों के द्वारा नरसरहा डिपो प्रांगण में ÷एक पेड माँ के नाम के तहत् पौधा रोपण ÷करते हुए विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर अपना-अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया गया।

### दौड़ मे प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

कार्यक्रम के दौरान दौड़ मे प्रथम स्थान पाने वाले श्री दीपू सिंह को5100 की नगद राशि एवं प्रमाण पत्र, द्वितीय स्थान पाने वाले श्री चक्रेश कुमार यादव 3100 की नगद राशि एवं प्रमाण पत्र एवं तृतीय स्थान हेमराज बैगा 2100 की नगद राशि एवं प्रमाण पत्र को प्रदाय कराते हुए विभाग द्वारा पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम का समापन आभार वन परिक्षेत्राधिकारी शहडोल श्री रामनरेश विश्वकर्मा के द्वारा दिया गया एवं कार्यक्रम का सम्पूर्ण आयोजन श्री सलीम खान वन परिक्षेत्राधिकारी बुढ़ार / काष्ठागार अधिकारी शहडोल, श्री हेमन्त प्रजापति वन परिक्षेत्राधिकारी गोहपारू, श्री भाग्यशाली सिंह वन परिक्षेत्राधिकारी खन्नौधी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समस्त परिक्षेत्राधिकारी, परिक्षेत्र सहायक, वनरक्षक, कार्यालयीन कर्मचारी, शहर के गणमान्य नागरिक एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे।

# मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने झिरिया की प्राचीन बावड़ी का निरीक्षण किया

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्राचीन बावड़ी की साफ-सफाई कर पानीदार बनाया गया



**मंडला।** प्रदेश शासन द्वारा 30 जून 2025 तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है।इस अभियान के अंतर्गत जलाशयों की सफाई,पौधरोपण, प्राचीन कुएं एवं बावड़ियों की सफाई,छोटी नदियों, तालाबों और अन्य जल संरचनाओं के संरक्षण के कार्य किए जाएंगे।जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मंडला जिले के ग्राम झिरिया में प्राचीन गोंडवानाकालीन बावड़ी की साफ-सफाई की गई। प्राचीन बावड़ी की जल संरचनाओं को विकसित किया गया,जिससे बावड़ी में प्रचुर मात्रा में जल उपलब्ध रहे। प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने गुरूवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे कार्यो के निरीक्षण के दौरान गोंडवाना कालीन प्राचीन बावड़ी का निरीक्षण किया। बावड़ी की नियमित रूप से देखभाल व साफ-सफाई करने के निर्देश दिये।जिससे बावड़ी में वर्षाकालीन जल सुरक्षित रूप से संचय हो सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा,जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांश कूमट, एसडीएम नैनपुर श्री आशुतोष ठाकुर,तहसीलदार सुश्री पूजा राणा, जनपद पंचायत सीईओ श्री विनोद मरावी सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन मौजूद थे।

**मंत्री श्रीमती संपतिया उइके और कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने ग्राम झिरिया में वृक्षारोपण किया -** प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके और कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने गुरूवार को मंडला जिले के ग्राम झिरिया में स्थित गोंडवानाकालीन प्राचीन बावड़ी प्रांगण में वृक्षारोपण किया।उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित समस्त अधिकारी, कर्मचारी तथा नागरिकों को वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया।मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए वृक्षारोपण करना जरूरी है,जिससे हमारी पृथ्वी पुनः हरी-भरी हो सके।उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि विशेष अवसरों पर वृक्षारोपण जरूर करें और लगाए गए वृक्षों की देखभाल व सुरक्षा भी करें। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने ग्राम झिरिया में बावड़ी के समीप सीमेंट के सोफे लगाने और पुराने शासकीय भवनों की जाँच कर डिस्मेंटल करने के निर्देश दिये।

# ग्राम पंचायत कलेहरा में विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत कार्यक्रम सम्पन्न



**दमोह।** विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत जबेरा के कलेहरा में उन्नत खेती और विकसित भारत के लिए किसानों से संवाद कार्यक्रम में प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी एवं सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी की गरिमामय मौजूदगी में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर किसानों से संवाद कार्यक्रम के दौरान चर्चा की गई।

प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा अभियान अंतर्गत कृषि वैज्ञानिक गांव-गांव जाकर सर्वे करेंगे और उसकी रिपोर्ट देंगे ताकि किसानों के हित के?लिए विभिन्न प्रकार की योजनाए बनाई जा सके। उन्होंने कहा वैज्ञानिक आपके गांव आ रहे हैं, उनसे कृषि से सबंधी आपके मन में जो भी प्रश्न आ रहे हैं, पूछिये वे उनका जबाव देंगे।

सांसद राहुल सिंह ने कहा प्रधानमंत्री मोदी जी किसानों के विकास के लिए लगातार विभिन्न योजनाए संचालित कर रहे हैं। इसी क्रम में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा हैं, यह अभियान किसानों की जिन्दगी बदलने का काम करेगा। उन्होंने कहा अभियान के दूरगामी परिणाम सामने आयेंगे। उन्होंने कहा यह अभियान 29 मई से लेकर 12 जून तक सारे वैज्ञानिक आपके गांव जाएंगे और आपसे चर्चा करेंगे।

क्षेत्र विशेष के लिए खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलो से सम्बंधित आधुनिक /उन्नत तकनीकों के बारे में किसानो को जागरूक किया गया। किसानो के लिए उपयोगी विभिन्न सरकारी योजनाओ तथा नीतियों के बारे में किसानों को जागरूक किया गया। किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में सुझाई गयी विभिन्न फसलो के चयन तथा संतुलित खादों के प्रयोग के लिए जागरूक एवं शिक्षित किया गया। उप संचालक कृषि ने बताया आज 05 जून को दमोह के ग्राम बलारपुर, पिपरिया टिकरी, बटियागढ़ के शहजादपुरा, अंगारा, पटेरा-बर्रट, हिनौती, जबेरा के कलेहराखेड़ा, प्रयासई में कृषि वैज्ञानिक, कृषि विभाग एवं सम्बद्ध विभागों के अधिकारियों द्वारा विभिन्न प्रकार की जानकारी कृषको को दी। उन्होंने बताया कल 06 जून 2025 को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में दमोह के नोनपानी, घाट पिपरिया, पथरिया के झागर, कुमेरिया, हटा के दमोतीपुरा, रजपुरा तथा तेंदूखेड़ा के भैंसा, कुदपुरा में शिविर आयोजित किये जायेंगे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर अनेक जगहों पर हुआ पौधारोपण




**मंडला।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मंडला जिले के संपूर्ण जिले में पौधारोपण किया गया। जिले के मोहगाँव ब्लाक में 5 जून को पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए।इस अवसर पर जनपद पंचायत परिसर में पौधारोपण किया गया,जिसमें जिला पंचायत सदस्य शिव पूषाम,जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शिव कुमार मिश्रा,जनपद पंचायत सीईओ कृष्णकांत उइके,जनपद पंचायत प्रभारी खंड अधिकारी उमेश पोर्ते,जनपद सदस्य महेन्द्र मरकाम,सेवकराम उइके, राजकुमार धूमकेती,सुधीर झारिया,हीरा सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि व जनपद पंचायत के प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।सभी ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधे रोपित किए।

पौधारोपण के इस कार्यक्रम में एकीकृत उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहगांव के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया।इस दौरान जिला पंचायत सदस्य व जिला पंचायत शिक्षा समिति सदस्य शिव पूषाम,जनपद पंचायत उपाध्यक्ष व जनपद शिक्षा समिति सभापति शिवकुमार मिश्रा,जनपद सदस्य महेन्द्र मरकाम,संस्था व संकुल प्रभारी दीपक कछ्वाहा,चंद्रपाल सिंह,सरिता धुर्वे,रामनाथ मरावी कृष्ण कुमार बकाले,गजेंद्र धुर्वे,सुमंत मरकाम,अमित भारतीया,शांति तिलगाम,योगेश्वर मसराम,जितेन्द्र झारिया, अशोक अग्रवाल सहित विधालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं व अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे।

# घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक क्षेत्र में उपयोग करने वालों पर ,खाद्य पूर्ति विभाग के अमले ने की छापा मारा कार्रवाई 32 सिलेंडर जप्त



**सिरोंज।** घरों में खाना बनाने के लिए उपयोग होने वाले गैस सिलेंडर बड़े पैमाने पर होटल ,रेस्टोरेंट ढाबे, एवं चाय नाश्ते की दुकानों पर खुलेआम इनका इस्तेमाल करके शासन को क्षति पहुंचाने का काम किया जा रहा था इनका प्रयोग करने वाले दुकानदारों पर बड़ी कार्रवाई गुरुवार को खाद आपूर्ति विभाग के अमले ने मिलकर व्यापक कार्रवाई करते हुए 17 दुकानदारों के यहां से 32 सिलेंडरों को जप्त किया है जिनकी कीमत 97600 रुपए के है । अवैध रूप से कमर्शियल रूप में उपयोग करते हुए मिले सिलेंडरों को गैस एजेंसी के गोदाम में रख पाए गए हैं 17 दुकानदारों के ऊपर एडीएम कोर्ट में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई के लिए प्रकरण बनाकर दिए जाएंगे जहां से आगे की करवाई से साथ जुर्माना भी किया जा सकता है। इस कार्रवाई की भनक लगते ही घरेलू सिलेंडर दुकानों में प्रयोग करने वाले दुकानदारों में हड़कंप मच गया दुकानदार कुछ समझा पाते इससे पहले ही पूरे जिले मैं तैनात सहायक कनिष्ठ खाद्य पूर्ति अधिकारियों की टीमों ने होटल रेस्टोरेंट चाय नाश्ते की दुकानों पर छापा मार कार्रवाई करते हुए इनको अपने कब्जे में ले लिया। प्रशासन ने दुरुपयोग करने वलों पर बड़ी कार्रवाई की है होटल चाय नाश्ता रेस्टोरेंट के लिए कमर्शियल सिलेंडर आते है यह सिलेंडर थोड़े महंगे पड़ते हैं अपना फायदा करने के लिए घरेलू उपयोग करके शासन को क्षति पहुंचाने कार्य करते हैं साथ ही इन सिलेंडर का उपयोग इस तरह से करने से दुर्घटनाएं होने की संभावना अधिक होती इसलिए इन सिलेंडर उपयोग केवल घरेलू कार्य के लिए किया जा सकता है पर इनका खुलेआम दुरुपयोग हो रहा है। एडीएम अनिल डामोर के निर्देश में जिला खाद्य पूर्ति अधिकारी ने घरेलू सिलेंडरों का उपयोग व्यवसायिक में करने वाले दुकानदारों पर छापामार कार्रवाई के लिए टीम बनाई इसमें विदिशा, बासौदा ,कुरवाई ,नटेरन ,लटेरी के साथ सिरोंज के अधिकारी की टीम बनाई थी । टीमों ने बस स्टैंड से अपनी कार्रवाई प्रारंभ करते हुए अधिकारी अलग-अलग दुकानों पर एकदम से पहुंचकर इन सिलेंडरों को उठाया इससे पहले कोई दुकानदार समझ पाता इनके ऊपर कारवाई करने के लिए अधिकारी पहुंच गए 17 दुकानदारों के खिलाफ खाद्य वस्तु अधिनियम की धाराओं कार्रवाई के लिए पंचनामा बनाया गया दुकानों पर मिले सिलेंडरों को हीरा गैस एजेंसी के लोडिंग वाहन में रखवा कर गोदाम भेजो भेजे गए लिंक रोड छतरी नेक तक टीम ने कार्रवाई की कई रेस्टोरेंट संचालकों के द्वारा अंदर इनका उपयोग किया जा रहा था जिनको टीम ने पहुंचकर पकड़ लिया।सहायक खाद आपूर्ति अधिकारी एस एस नकवी ने बताया कि कमर्शियल क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों उपयोग करनेपर करवाई करते हुए कुल 17 दुकानदारों के यहां से 32 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किए गए हैं। कार्रवाई के लिए प्रकरण भी बनाए गए हैं अच्छे अधिकारियों ने मिलकर इस कार्रवाई को अंजाम दिया है आगे भी जांच करके घरेलू सिलेंडर का उपयोग यदि व्यावसायिक रूप में करते हुए पाया जाएंगे तो आगे भी कार्रवाई करेंगे।

# पौधारोपण कर उसकी नवजात शिशु की तरह देखभाल करना आवश्यक - मेवाड़ा

### विश्व पर्यावरण दिवस पर नपा ने अटल कॉलोनी पार्क में रोपे पौधे



**आष्टा।** विश्व पर्यावरण दिवस हमें अपनी पृथ्वी, अपने पर्यावरण के प्रति हमारी सामूहिक और व्यक्तिगत जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। यह केवल एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह एक प्रतिज्ञा है कि हम अपने आसपास के वातावरण को स्वस्थ और हरा-भरा बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास करे। आज जब हम पर्यावरण दिवस मना रहे हैं, तो हमें यह सोचना होगा कि हम प्रकृति से क्या ले रहे हैं और उसे बदले में क्या दे रहे हैं। हमारा पर्यावरण, जिसमें हवा, पानी, मिट्टी, पेड़-पौधे और जीव-जंतु शामिल हैं, यह सभी हमारे जीवन का आधार है।

इस आशय के विचार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने अटल कॉलोनी स्थित पार्क में विश्व पर्यावरण दिवस एवं वोमेन फॉर ट्री अभियान के अवसर पर पौधारोपण करते हुए व्यक्त किए। पौधारोपण कार्य में स्वसहायता समूह की महिलाएं नपा द्वारा वितरित की गई किट में नजर आई और उन्होंने बढ-चढ़कर पौधों का रोपण किया। उपस्थित सभी स्वसहायता समूह की महिलाओं के साथ ही उपस्थितजनों को शपथ दिलाते हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि पौधारोपण कार्य हमारे लिए एवं आने वाली भावी पीढ़ी के लिए बेहद आवश्यक है। आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हम एक साथ संकल्प ले कि हम सभी अपने घरों एवं आसपास एक पौधे का रोपण अवश्य करें और उसकी देखभाल नवजात शिशु की भांति जब तक करें तब तक वह वृक्ष का आकार न ले। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मेवाड़ा ने यह भी कहा कि हमारी पृथ्वी, जिस पर हम रहते हैं, हमें शुद्ध हवा, पीने का पानी, उपजाऊ मिट्टी और जीवन के लिए आवश्यक हर चीज़ प्रदान करती है। पेड़-पौधे, नदियाँ, पहाड़, और सभी जीव-जंतु मिलकर एक सुंदर और संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र बनाते हैं। लेकिन दुर्भाग्य से, मानवीय गतिविधियों के कारण यह संतुलन बिगड़ता जा रहा है। प्रदूषण, वनों की अंधाधुंध कटाई, नदियों का दूषित होना, और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याएँ आज हमारे सामने खड़ी हैं। ये समस्याएँ केवल पर्यावरण को ही नहीं, बल्कि हमारे स्वास्थ्य और हमारे भविष्य को भी सीधे तौर पर प्रभावित कर रही हैं। इन सबसे बचने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना हमारे उज्जवल भविष्य के लिए जरूरी हो गया है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि प्रकृति को संवारने का शासन द्वारा जो पहल की गई है वह अपने आपमें अनुकरणीय पहल है। भारत समेत पूरे विश्व में प्रदूषण तेजी से फैल रहा है। बढ़ते प्रदूषण के कारण प्रकृति खतरे में हैं। प्रकृति जीवन जीने के लिए किसी भी जीव को हर जरूरी चीज उपलब्ध कराती है। ऐसे में अगर प्रकृति प्रभावित होगी तो हमारा जीवन भी प्रभावित होगा। प्रकृति को प्रदूषण से बचाने के उद्देश्य से पर्यावरण का संरक्षण करना बहुत जरूरी हो गया है। पौधारोपण अभियान में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, पार्षदगण हिफज्जुर्रहमान भैया मियां, तेजसिंह राठौर, रवि शर्मा, डॉ. सलीम खान, सहायक यंत्री आकाश गोयतर, लेखापाल मनीष श्रीवास्तव, सिटी मिशन मैनेजर महेन्द्र पोसवाल, उपयंत्री अनिल धुर्वे, मोहम्मद इसरार, पार्वती शर्मा, शिवराज अहिरवार सहित नपा के अन्य कर्मचारीगण मौजूद थे।

### अभियान की शुरुआतः

## नगरपालिका अध्यक्ष ने अमृत 2.0 से बन रहे पार्क में कराया पौधरोपण



**इटारसी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड मां के नाम अभियान कि शुरुआत नगरपालिका परिषद ने की। अभियान 5 जून से 31 अगस?त तक चलेगा। यह अभियान मध्यप्रदेश की महिलाओं को समर्पित है और इसका नाम वूमन फॉर ट्री अभियान रखा गया है। अभियान के तहत दो वार्डो में स्व सहायता समूह की महिलाओं के साथ नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने पौधरोपण की शुरुआत की। केंद्र द्वारा पहल एक पेड़ मां के नाम से प्रेरित है और इसे अमृत मित्र योजना के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। योजना के अन्तर्गत सभी नगरीय निकायों को पौधारोपण स्थलों का चयन कर अमृत 2.0 पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। नपाध?यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि अभियान के तहत चयनित स?व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा पौधरोपण अमृत 2.0 योजना के तहत बनाए जा रहे पार्क जोकि वार्ड क्रमांक 02 वर्मा कॉलोनी और वार्ड 33 में बन रहे हैं वहां पर और खेड़ा स्थित तालाब पर पौधरोपण किया जाएगा।

# मप्र की इस नदी पर बनेगा प्रदेश का पहला सिक्सलेन केबल-स्टे ब्रिज, तीन राज्यों को जोड़ेगा हाई-स्पीड ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे



**भोपाल।** मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और राजस्थान को आपस में जोड़ने वाला आगरा-ग्वालियर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे अब एक नए आयाम की ओर बढ़ रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत चंबल नदी पर एक आधुनिक केबल-स्टे ब्रिज का निर्माण प्रस्तावित है, जो न केवल मध्यप्रदेश का पहला ऐसा ब्रिज होगा, बल्कि इसे इंजीनियरिंग का एक आकर्षक उदाहरण भी माना जा रहा है। इस एक्सप्रेसवे की सहायता से तीनों राज्यों के बीच आवागमन बेहद आसान हो जाएगा।

### चंबल नदी पर बनेगा 600 मीटर लंबा भव्य पुल

एक्सप्रेसवे के इस महत्वपूर्ण खंड में बनने वाला पुल लगभग 600 मीटर लंबा होगा और यह दो विशाल केबल पिलरों के सहारे खड़ा होगा, जिनकी ऊंचाई 130 मीटर रखी जाएगी। यह पुल प्रयागराज के नैनी ब्रिज की तर्ज पर डिजाइन किया जा रहा है। इसकी विशेष बात यह है कि यह चंबल नदी पर स्थित राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य क्षेत्र में बनेगा, जो इसे एक संवेदनशील पारिस्थितिक क्षेत्र में स्थापित करता है। यही कारण है कि यहां पर पारंपरिक डेकोरेटिव लाइटिंग का उपयोग नहीं किया जाएगा ताकि जैवविविधता प्रभावित न हो।

### पर्यावरणीय मंजूरी के बाद निर्माण कार्य होगा शुरू

शुरुआती योजना में यहां एक सामान्य पुल प्रस्तावित था, लेकिन बाद में इसे केबल-स्टे ब्रिज के रूप में परिवर्तित कर दिया गया, जो तकनीकी दृष्टि से अधिक स्थायित्व और सौंदर्य प्रदान करता है। परियोजना को हाल ही में केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय और वाइल्ड लाइफ एडवाइजरी बोर्ड से आवश्यक एनओसी मिल गई है। एनएचएआई के टेक्निकल मैनेजर प्रशांत मीणा के अनुसार, नवंबर 2025 से ब्रिज और एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य प्रारंभ होने की पूरी संभावना है।

### चंबल अभयारण्य और इको सेंसेटिव ज़ोन से होकर गुजरेगा ये ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे

इस 88.40 किलोमीटर लंबे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का लगभग 3 किलोमीटर भाग राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य और इको सेंसेटिव ज़ोन से होकर गुजरेगा। इसमें से 1 किमी हिस्सा अभयारण्य क्षेत्र में तथा शेष 2 किमी इको संसेटिव जोन में आएगा। राजस्थान में भी एक्सप्रेसवे का एक अंश (लगभग 1 किमी) अभयारण्य और 9 किमी संरक्षित सीमा से होकर गुजरेगा। इस पूरी योजना के लिए संबंधित विभागों से आवश्यक स्वीकृतियाँ मिल चुकी हैं। मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में शनिश्क्षटा क्षेत्र में एक्सप्रेसवे का करीब 15 किलोमीटर लंबा हिस्सा वन क्षेत्र से होकर निकलेगा। इसके लिए राज्य सरकार से अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है और लगभग 15 करोड़ रुपए का भुगतान भी वन विभाग को किया जा चुका है।

### क्या होता है केबल-स्टे ब्रिज?

केबल-स्टे ब्रिज एक विशेष प्रकार का पुल होता है जिसमें पुल के डेक (पार करने योग्य सतह) को मजबूत टावरों से जोड़ने के लिए केबल्स का उपयोग किया जाता है। ये केबल्स ऊपर की ओर से सपोर्ट देकर पुल को न केवल संतुलित बनाए रखते हैं, बल्कि इसकी स्थायित्व और भार क्षमता भी बढ़ाते हैं।

### केबल-स्टे ब्रिज की विशेषताएं

स्ट्रेंथ (मजबूती) =इसमें प्रयुक्त केबल्स पुल को अधिक वजन सहने में सक्षम बनाते हैं, जिससे यह भारी ट्रैफिक के लिए उपयुक्त होता है। स्टेबिलिटी (स्थिरता) = इसकी संरचना प्राकृतिक आपदाओं जैसे तेज हवा और भूकंप के प्रति अधिक रेजिस्टेंट होती है। इकोनॉमिकल (लागत प्रभावशीलता) =लंबे स्पैन वाले ब्रिज निर्माण में यह तकनीक पारंपरिक पुलों की तुलना में सस्ती पड़ती है। एस्थेटिक (सौंदर्य) =इस तरह के पुल अपने आकर्षक डिजाइन के चलते अक्सर किसी शहर की पहचान बन जाते हैं।

# सोने की कीमतों में बड़ा उलटफेर, चांदी में तेजी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप आज निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर सोना या चांदी खरीदने का विचार कर रहे हैं, तो बाजार भाव की ताजा जानकारी जरूर ले लें। शुक्रवार, 6 जून 2025 को सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में ज्यादा बदलाव नहीं देखा गया, जबकि चांदी की कीमतों में जोरदार उछाल देखने को मिला है। आज चांदी के भाव में प्रति किलो 3000 रुपए की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे इसका रेट 1,07,000 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गया है।

दूसरी ओर, सोना भी ऊंचे दामों पर बिक रहा है। 24 कैरेट सोने की कीमत आज 99,750 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बनी हुई है, जबकि 22 कैरेट सोना 91,450 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेंड कर रहा है। इसके अलावा 18 कैरेट सोना 74,830 रुपए प्रति 10 ग्राम की दर से बिक रहा है। निवेश के लिहाज से आज का दिन शुभ माना जा रहा है, लेकिन बढ़ती कीमतों के बीच खरीदारी से पहले सही रेट की जानकारी लेना जरूरी है।

आज के सोने के रेट 18 कैरेट सोने के ताजा भाव अगर आप आज शुक्रवार को सोने या चांदी की खरीदारी करने का मन बना रहे हैं, तो देशभर के प्रमुख सराफा बाजारों में आज के ताज़ा रेट जानना जरूरी है। 18 कैरेट सोने की बात करें तो दिल्ली में इसका भाव 74,500 रुपए प्रति 10 ग्राम है, जबकि कोलकाता और मुंबई में यह 74,380 रुपए पर बिक रहा है। इंदौर और भोपाल में यह दर 74,420 रुपए है, वहीं चेन्नई में सबसे ज्यादा 74,780 रुपए तक पहुंच गया है।

22 कैरेट सोने के ताजा भाव 22 कैरेट सोने की कीमत में भी शहरों के अनुसार हल्का अंतर देखा गया है। भोपाल और इंदौर में यह 90,950 रुपए प्रति 10 ग्राम पर चल रहा है। दिल्ली, जयपुर और लखनऊ में इसके रेट 91,050 रुपए हैं। वहीं मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद और केरल जैसे शहरों में यह थोड़ा कम, 90,900 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेंड कर रहा है।

24 कैरेट सोने के ताजा भाव 24 कैरेट सोने की बात करें तो भोपाल और इंदौर में इसकी कीमत 99,220 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। दिल्ली, जयपुर, लखनऊ और चंडीगढ़ में यह 99,320 रुपए तक पहुंच चुका है। मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद और केरल में इसका भाव थोड़ा कम, 99,170 रुपए पर स्थिर है।

चांदी की कीमतें आज अब बात करें चांदी की तो इस शुक्रवार को चांदी के दामों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। जयपुर, कोलकाता, अहमदाबाद, लखनऊ, मुंबई और दिल्ली जैसे शहरों में 1 किलो चांदी की कीमत 1,07,000 रुपए चल रही है। वहीं चेन्नई, मदुरै, हैदराबाद और केरल में यह रेट और बढ़कर 1,17,000 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गया है। भोपाल और इंदौर में भी 1 किलो चांदी का भाव 1,07,000 रुपए पर बना हुआ है।

## आईएएस अधिकारियों के तबादले, 1993 बैच के IAS पुनीत कुमार दिल्ली में रेजिडेंट कमिश्नर नियुक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** IAS के मुख्य सचिव ग्रेड में एक वर्ष की अवधि के लिए केरल हाउस, नई दिल्ली में रेजिडेंट कमिश्नर का एक एक्स-कैडर पद सृजित किया गया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा में 1993 बैच के IAS अधिकारी पुनीत कुमार अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्थानीय स्वशासन विभाग को दिल्ली में केरल सरकार का रेजिडेंट कमिश्नर नियुक्त किया गया है। अजीत कुमार के भारत सरकार में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले जाने के बाद ऋष्ट पद रिक्त हो गया था। केरल जीएसटी विभाग में अतिरिक्त आयुक्त का एक और एक्स-कैडर पद भी एक वर्ष की अवधि के लिए बनाया गया है। श्रीलक्ष्मी आर, वर्तमान में मुख्य सचिव की स्टाफ ऑफिसर को केरल जीएसटी विभाग में अतिरिक्त आयुक्त के रूप में तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त, कम से कम सात आईएएस अधिकारियों को निम्नलिखित पूर्ण अतिरिक्त प्रभार सौंपा गयाद्ध मोहम्मद हनीश एपीएम (IAS 1996) प्रमुख सचिव, उद्योग विभाग- खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग। बीजू के (IAS 2006), सचिव, लोक निर्माण विभाग- विशेष अधिकारी, राजधानी क्षेत्र विकास परियोजना- । डॉ. के वासुकी (IAS 2008), सचिव, श्रम एवं कौशल विभाग- सामान्य शिक्षा विभाग। अनुपमा टीवी (IAS 2010), विशेष सचिव, स्थानीय स्वशासन विभाग- विशेष सचिव (समन्वय)। मोहम्मद वाई सफीरुल्ला के (IAS 2010) विशेष सचिव ङ्ग मुख्य सचिव के स्टाफ ऑफिसर। श्रीलक्ष्मी आर IAS 2019), वर्तमान में मुख्य सचिव की स्टाफ ऑफिसर को केरल जीएसटी विभाग में अतिरिक्त आयुक्त के पद पर तैनात किया गया था। इसके अलावा, डॉ. वीना एन माधवन (IAS 2010), विशेष सचिव, कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग- विशेष सचिव, सहकारिता विभाग के साथ-साथ विशेष सचिव, योजना और आर्थिक मामलों के विभाग और सदस्य सचिव, केरल राज्य योजना बोर्ड का पूर्ण अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

## केंद्र ने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए अधिक आईएएस अधिकारियों को आकर्षित करने के लिए इंपेनलमेंट नीति को आसान बनाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र में वरिष्ठ प्रशासनिक भूमिकाओं के लिए योग्य उम्मीदवारों की संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के लिए अपनी इंपेनलमेंट नीति में संशोधन किया है। संशोधित नीति के अनुसार अब उप सचिव या निदेशक के अलावा अवर सचिव स्तर पर कम से कम दो वर्ष का अनुभव रखने वाले अधिकारियों को संयुक्त सचिव स्तर पर पैनल में शामिल करने पर विचार किया जा सकता है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (DoPT) द्वारा 7 मई, 2025 को जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, कैबिनेट की नियुक्ति समिति (ACC) ने इस बदलाव को मंजूरी दे दी है। आदेश में कहा गया है, पहले के निर्देशों में आंशिक संशोधन करते हुए ACC ने अब निर्देश दिया है कि 2010 बैच के बाद के IAS अधिकारियों के मामले में केंद्र में संयुक्त सचिव स्तर पर पैनल में शामिल होने के लिए अवर सचिव/उप सचिव/निदेशक या समकक्ष स्तर पर कम से कम दो साल का केंद्रीय प्रतिनियुक्ति अनुभव अनिवार्य होगा। इस नवीनतम संशोधन का उद्देश्य राज्यों में सेवारत IAS अधिकारियों के लिए केंद्रीय प्रतिनियुक्ति को अधिक सुलभ बनाना और संघ स्तर पर नीति निर्माण में व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। पात्रता मानदंड में अवर सचिव स्तर के अनुभव को शामिल करके, सरकार का उद्देश्य अधिकारियों को केंद्र में अपना कार्यकाल शुरू करने का एक प्रारंभिक अवसर देना है, जिससे संयुक्त सचिव स्तर के पैनल में शामिल होने का मार्ग आसान हो जाता है।

## आईएफएस अफसर अरुण प्रसाद ने दी सेवा से इस्तीफा, पर्यावरण मंडल में थे सदस्य सचिव



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भारतीय वन सेवा के वरिष्ठ अफसर और राज्य पर्यावरण संरक्षण मंडल के सदस्य सचिव अरुण प्रसाद पी ने अपनी सेवा से इस्तीफा दे दिया है। वर्ष 2006 बैच के अधिकारी अरुण प्रसाद ने राज्य सरकार को बुधवार को अपना त्यागपत्र सौंपा, जिसमें उन्होंने व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया है। फिलहाल उनका इस्तीफा स्वीकृत नहीं हुआ है, लेकिन विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार स्वीकृति की प्रक्रिया चल रही है। अरुण प्रसाद मूल रूप से तमिलनाडु के रहने वाले हैं और मुख्य वन संरक्षक स्तर के अधिकारी हैं। अरुण प्रसाद छत्तीसगढ़ में प्रशासनिक और पर्यावरणीय दोनों क्षेत्रों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। वे लंबे समय तक छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक रहे। इसके अलावा, वे दंतेवाड़ा और राजनांदगांव जैसे जिलों में वनमंडलाधिकारी के तौर पर भी सेवा दे चुके हैं। पिछली सरकार के दौरान उन्होंने ष्टस्द्बष्ट के साथ-साथ मंडी बोर्ड के स्ठ की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी संभाली थी। वर्तमान में वे राज्य पर्यावरण संरक्षण मंडल के सदस्य सचिव के रूप में कार्यरत हैं। उनके अचानक दिए गए इस्तीफे को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।

# भगदड़ में मृत 11 लोगों के परिजनों को आरसीबी ने की 10-10 लाख देने की घोषणा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल-2025 में खिताबी जीत का जश्न मनाने उतरी आरसीबी (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) को अहसास नहीं था कि उसकी विक्ट्री परेड का खामियाजा उसके साथ जश्न मनाने वाली भीड़ के 11 लोगों को भी भुगतना पड़ेगा। लेकिन, अब आरसीबी मैनेजमेंट में भगदड़ में मृत 11 लोगों को अपनी तरफ से मुआवजा देने की घोषणा की। बुधवार की शाम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में मारे गए 11 प्रशंसकों के परिवारों को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) फ्रेंचाइजी ने 10-10 लाख रुपए की मदद देने की घोषणा की है। फ्रेंचाइजी ने अपने बयान में कहा कि मृतकों के परिजनों को मुआवजे के अलावा इस दुखद घटना में घायल हुए प्रशंसकों की सहायता के लिए 'आरसीबी केयर्स' नामक एक कोष भी बनाया जा रहा है। बुधवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी और 50 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

आरसीबी की टीम ने 18वें सीजन में पहली बार आईपीएल की ट्रॉफी जीती है। टीम बुधवार को अहमदाबाद से बंगलूरू पहुंची, तो फैंस टीम की एक झलक पाने के लिए बेताब दिखे। खिलाड़ियों को विधान सौधा और चिन्नास्वामी स्टेडियम में सम्मानित किया जाना था। विधान सौधा में सम्मान कार्यक्रम के बाद खिलाड़ियों को विक्ट्री परेड करते हुए स्टेडियम पहुंचना था। हालांकि, लाखों की भीड़ की सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। विधान सौधा से लेकर चिन्नास्वामी स्टेडियम तक, लाखों की संख्या में फैंस मौजूद रहे। वह किसी भी तरह से स्टेडियम के अंदर जाने के लिए बेताब दिखे। वे पेड़, कार, बस, जो भी ऊंची चीज दिखी, उस पर चढ़ गए। इतना ही नहीं फैंस स्टेडियम की दीवार और फेंसिंग पर भी चढ़ते दिखाई दिए।

### आरसीबी ने बयान जारी किया

आरसीबी ने गुरुवार को एक बयान जारी कर कहा कि इस घटना से आरसीबी परिवार को बहुत पीड़ा और दर्द हुआ है और सम्मान के रूप में वे 11 परिवारों को वित्तीय सहायता देंगे। आरसीबी ने त्रासदी में घायल हुए प्रशंसकों का समर्थन करने के लिए 'आरसीबी केयर्स' नाम से एक फंड भी स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि बंगलूरू में बुधवार को हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना से आरसीबी परिवार को काफी पीड़ा हुई है। सम्मान और एकजुटता के संकेत के रूप में, आरसीबी ने मृतकों के 11 परिवारों में से प्रत्येक को 10 लाख रुपए की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की। इसके अलावा इस दुखद घटना में घायल हुए फैंस की मदद के लिए आरसीबी केयर्स नाम का फंड भी बनाया जा रहा है। हम जो कुछ भी करते हैं, हमारे दिल में हमारे प्रशंसक हमेशा रहेंगे। हम दुख में एकजुट रहते हैं।

### आशंका तो ट्रैफिक पुलिस ने भी जताई थी

बंगलूरू ट्रैफिक पुलिस ने 'एक्स' पर जारी बयान में कहा था कि विधान सौधा से स्टेडियम तक आरसीबी टीम की बस परेड यातायात संबंधी परेशानियों के कारण नहीं हो सकती। लेकिन, बाद में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इसकी अनुमति दे दी। खिलाड़ियों के विधान सौधा पहुंचने के बाद दर्शकों के अनियंत्रित होने के कारण हालांकि यह परेड नहीं कराई गई। इसके साथ ही आरसीबी की जीत के बाद मंगलवार रात भीड़ को नियंत्रित करने में भी पुलिस को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। आरसीबी ने मंगलवार को पंजाब किंग्स को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए आईपीएल फाइनल में 6 रन से हराया था।

## भारत में बनेगी राफेल फाइटर जेट की बॉडी, टाटा ग्रुप और दसॉल्ट के बीच बड़ी डील



टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड अब राफेल लड़ाकू विमानों में इस्तेमाल होने वाले एक अहम उपकरण का निर्माण करेगी। कंपनी ने गुरुवार को भारत और अन्य ग्लोबल मार्केट के लिए राफेल लड़ाकू विमान के धड़ का निर्माण करने के लिए डसॉल्ट एविएशन के साथ अपनी डील का ऐलान किया है। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स ने गुरुवार को घोषणा की कि उसने सरकार के 'मेक इन इंडिया' अभियान को बढ़ावा देने के लिए भारत और अन्य वैश्विक बाजारों के लिए राफेल लड़ाकू विमान के ढांचे के निर्माण के लिए डसॉल्ट एविएशन के साथ चार उत्पादन हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। यह देश की एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग को मजबूत करने और ग्लोबल सप्लाई चेन को सपोर्ट करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इस पार्टनरशिप में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स हैदराबाद में राफेल के प्रमुख स्ट्रक्चर सेक्शन के निर्माण के लिए एक अत्याधुनिक प्रोडक्शन फैसिलिटी स्थापित करेगा। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स ने डसॉल्ट एविएशन के साथ अपनी डील की जानकारी एक्स अकाउंट की जरिए दी है। डसॉल्ट एविएशन के चेयरमैन और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने कहा कि हमारे लोकल पार्टनर के विस्तार के लिए धन्यवाद, जिसमें भारतीय एयरोस्पेस इंडस्ट्री में मेजर प्लेयर में से एक ञ्जस्रु( टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड) भी शामिल है, यह सप्लाई चैन राफेल के सफल रैंप-अप में योगदान देगी। इस पार्टनरशिर को भारत की एयरोस्पेस यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए, टीएएसएल के सीईओ और एमडी सुकरन सिंह ने कहा कि यह भारत द्वारा एक आधुनिक, मजबूत एयरोस्पेस मैनुफेक्चरिंग इकोसिस्टम स्थापित करने में की गई प्रोग्रेस को दर्शाता है जो ग्लोबल प्लेटफार्मों का सपोर्ट कर सकता है। सिंह ने कहा कि भारत में संपूर्ण राफेल विमान का निर्माण टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स की क्षमताओं में बढ़ते विश्वास और डसॉल्ट एविएशन के साथ हमारे सहयोग की ताकत को दर्शाता है। यह कॉरपोरेट डील भारत और फ्रांस के बीच नौसेना के लिए राफेल-एम नामक 26 मरीन वेरिएंट के राफेल विमान खरीदने के लिए अंतर-सरकारी समझौते पर हस्ताक्षर करने के एक महीने बाद हुई है। भारत 22 सिंगल-सीटर और 4 ट्विन-सीटर विमान खरीदेगा।

## किसानों को बड़ा झटका, एमएसपी पर नहीं खरीदी जाएगी ये फसल



**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने किसानों के लिए एक अहम निर्णय लेते हुए इस बार मूंग की फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य (रूस्क्क) पर न खरीदने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में यह निर्णय स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। दरअसल, सरकार ने यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि मूंग की खेती में खरपतवार नाशकों (वीडिसाइड) का अत्यधिक उपयोग देखा गया है, जिससे उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक वर्णवाल ने जानकारी दी कि किसान मूंग की फसल जल्दी तैयार करने के लिए भारी मात्रा में वीडिसाइड का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह रसायन फसल में रहकर उपभोक्ता के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। इसी के चलते सरकार ने तय किया कि इस बार मूंग की सरकारी खरीद रूस्क्क पर नहीं की जाएगी, जिससे कि उपभोक्ताओं को दूषित अनाज से बचाया जा सके। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पहले भी मूंग की खेती में रसायनों के अत्यधिक प्रयोग पर चिंता जताई थी। उन्होंने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए यह सुनिश्चित करने की बात कही थी कि जो अनाज उपभोक्ताओं तक पहुंचे, वह सुरक्षित और स्वास्थ्यवर्धक हो। सरकार के इस निर्णय को इसी दिशा में एक ठोस प्रयास माना जा रहा है।

## भारत में स्टील की खपत में 5 वर्षों में 84 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू स्तर पर स्टील की खपत में पिछले पांच सालों में 84 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारतीय स्टेनलेस स्टील विकास संघ (आईएसएसडीए) ने यह जानकारी दी। संघ ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में इसकी खपत 48 लाख टन तक पहुंच गई है। आईएसएसडीए के अध्यक्ष राजमणि कृष्णमूर्ति ने ग्लोबल स्टेनलेस स्टील एक्सपो (जीएसएसई) 2025 में कहा कि बुनियादी ढांचे, रेलवे,हवाई अड्डों, मेट्रो जैसे क्षेत्रों में मजबूत मांग के कारण यह वृद्धि हुई है। आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2020-21 में भारत में स्टील की खपत 26.1 लाख टन थी। वित्त वर्ष 2021-22 में यह बढ़कर 34.6 लाख टन हो गई। इसने साल दर साल में 33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इसकी मांग 2022-23 में बढ़कर 39.4 लाख टन हो गई। इसके बाद 2023-24 में 44.9 लाख टन के आंकड़े को छू गई। इस बीच साल दर साल में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कृष्णमूर्ति कहा कि पिछले पांच वित्तीय वर्षों में प्रति व्यक्ति स्टील की खपत वित्त वर्ष 21 में 2.5 किलोग्राम से बढ़कर वित्त वर्ष 25 में 3.4 किलोग्राम हो गई है। उन्होंने आगे कहा कि स्टील की मांग 2030 में बढ़कर 68 लाख टन हो जाएगी। वित्त वर्ष 30 तक प्रति व्यक्ति खपत 4.5-5.5 किलोग्राम के दायरे में रहने की उम्मीद है।

# आईपीएल के बाद हुआ बड़ा खुलासा, KKR का हिस्सा रहा यह खिलाड़ी मैच फिक्सिंग केस में दोषी पाया




**मुंबई, एजेंसी।** क्रिकेट एक बार फिर फिक्सिंग जैसे गंभीर आरोपों के चलते सवालों के घेरे में आ गया है। श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर और आफ स्पिनर सचित्र सेनानायके को लंका प्रीमियर लीग 2020 में मैच फिक्सिंग के लिए साथी खिलाड़ियों को उकसाने का दोषी करार दिया गया है। हम्बनटोटा हाईकोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। खास बात ये है कि ये मामला श्रीलंका के नए भ्रष्टाचार विरोधी कानून के तहत पहला ऐसा केस है जिसमें किसी खिलाड़ी को दोषी ठहराया गया है। दरअसल 2020 में गिरफ्तारी के बाद बेल पर बाहर आए सेनानायके ने सभी आरोपों से इनकार किया था। लेकिन अब कोर्ट में उनके खिलाफ ठोस सबूत पेश किए गए, जिसके आधार पर उन्हें दोषी पाया गया। श्रीलंका के अटॉर्नी जनरल विभाग ने जानकारी दी कि अब उन्हें करीब 2.85 करोड़ रुपये का जुर्माना भरना होगा और साथ ही 10 साल की जेल की सजा भी भुगतनी पड़ सकती है।

### कैसा रहा सचित्र सेनानायके का अंतरराष्ट्रीय करियर

खास बात ये है कि श्रीलंका लंबे समय से क्रिकेट में फिक्सिंग और भ्रष्टाचार से जूझता रहा है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल भी श्रीलंका को क्रिकेट के सबसे ज्यादा भ्रष्ट देशों में गिन चुका है। सेनानायके का दोषी पाया जाना इस बात की पुष्टि करता है कि श्रीलंका अब इस तरह के मामलों पर सख्त कार्रवाई के मूड में है। सचित्र सेनानायके का क्रिकेट करियर 2012 में शुरू हुआ था। उन्होंने श्रीलंका के लिए 1 टेस्ट, 49 वनडे और 24 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले। इस दौरान उन्होंने 78 विकेट झटके। वनडे में उनके नाम 53 और टी20 में 25 विकेट दर्ज हैं। 2013 में वे कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा बने और 8 मैचों में 9 विकेट लेकर अच्छा प्रदर्शन किया था।

### क्या अब बदलेगा सिस्टम?

दरअसल सचित्र सेनानायके के करियर में स्थिरता नहीं रही और धीरे-धीरे वह टीम से बाहर हो गए। लेकिन 2020 में उनके खिलाफ लंका प्रीमियर लीग के दौरान कोलंबो किंग्स के खिलाड़ी थारिंदु रत्नायके को फिक्सिंग के लिए उकसाने का आरोप लगा। यह मामला श्रीलंका क्रिकेट और कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बन गया। सचित्र सेनानायके का यह केस सिर्फ एक खिलाड़ी की गलती नहीं बल्कि पूरे क्रिकेट सिस्टम की खामी को उजागर करता है। श्रीलंका ने हाल ही में नया भ्रष्टाचार निरोधक कानून लागू किया है, जिसका यह पहला बड़ा उदाहरण है।

# पंचेश्वर हनुमान मंदिर में रामदरबार, शिवपरिवार की प्राण प्रतिष्ठा की गई



**छिंदवाड़ा।** गांधीगंज पंचेश्वर हनुमार मंदिर में रामदरबार, शिवपरिवार की प्राण प्रतिष्ठा की गई जिसमें गांधीगंज के व्यापारियों ने भाग लिया व्यापारी मंडल के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल एवं मंदिर निर्माण समीति पूर्णतः सक्रिय रही। यजमान जीतेश अग्रवाल, नवनीत राठी उपस्थित रहे। प्राण प्रतिष्ठा के बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी लोगों ने भाग लिया।

## हैण्डपम्प खननहेतु विधायक ने मशीन पहुंचवाया ग्राम वासियों ने माना आभार

खिरसाडोह। परासिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुरैयाथर के अशाडु ढाना गांव जो आखरी छोर मे अता हैं ऐसे ग्रामीण गांव के वार्ड में पानी की भारी समस्या उत्पन्न हो रही थी जिसमें ग्रामीण के ग्रामवासियों ने क्षेत्रीय विधायक से अशाडु ढाना गांव में हैण्डपम्प स्थापित करने के लिये मांग किये थे जिसमें विधायक सोहन बल्मिकी ने पानी की बड़ती हुई समस्या को देखते हुये उन्होंनेतत्काल व्यवस्था बनवाई और दिन शुक्रवार को ग्राम पंचायत के ग्राम वासियों के लिये हैण्डपम्प स्थापित करने के लिये मशीन गाड़ी पहुंचाये ताकि ग्रामीणों की जनताओ को पानी की समस्या न हो वहीं वार्ड पंच सकरू भलावी एंव वार्ड वासियों ने विधायक का माना आभार जिसमे सकरू भलावी, फग्गा विश्वाकर्मा रामदास धुर्वे, विष्णु डिकू ,विनोद संतू, भलावी भंगी, वन एंव ग्रामीण क्षेत्र की जनता उपास्थित रहे।

## कांग्रेस सेवादल ने विश्व पर्यावरण दिवस पर की परिचर्चा

**छिन्दवाड़।** कांग्रेस भवन स्थित कांग्रेस सेवादल कार्यालय में कांग्रेस सेवादल के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। आयोजित परिचर्चा में उपस्थित वक्ताओं ने पर्यावरण में आ रहे बदलाव व पर्यावरण सुरक्षा से जीवन रक्षा पर चर्चा की। सभी ने जल, जंगल व जमीन की रक्षा का संकल्प लेते हुए इस वर्ष बड़ी संख्या में पौध रोपण का संकल्प लिया। कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले ने कहा कि 1972 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण सम्मेलन में चर्चा के बाद पर्यावरण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। इसके उपरांत 5 जून 1974 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। आयोजित परिचचर्चा में राकेश मरकाम, कन्हैया सिंगोनीया, साईं उइके, शेषराव उइके, सुनील सारंगपुरे, रामाकान्त सातरकर, शिवकुमार शेषराम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## मराठा समाज मनाएगा शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक दिवस

**छिंदवाड़ा।** मराठा साम्राज्य के संस्थापक महान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक दिवस जिला क्षत्रिय मराठा समाज छिंदवाड़ा धूमधाम से मनाएगा। गौरतलब हो कि 6 जून 1674 को मराठा योद्धा शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में हुआ था जहां से उन्होंने हिंदवी-स्वराज की स्थापना की थी। उनके राज्याभिषेक दिवस को जिला क्षत्रिय मराठा समाज छिंदवाड़ा के सदस्य उत्सव के रूप में मनाएगा। मराठा समाज के अध्यक्ष प्रवीण काटकर ने बताया कि 6 जून शुक्रवार को सुबह नौ बजे स्थानीय नागपुर रोड रोड स्थित शिवाजी चौक छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का 21 लीटर दूध से अभिषेक किया जाएगा वहीं विधि विधान के साथ माल्यापर्णण एवं पूजन किया जाएगा। अध्यक्ष प्रवीण काटकर ने सभी सामाजिक बंधुओं, मातृशक्ति एवं युवाओं से इस कार्यक्रम में उपस्थित होने कहा है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने किया वृक्षारोपण



**छिंदवाड़ा।** अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में लालबाग सेक्टर के अंतर्गत आने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सेक्टर सुपरवाइजर मीना गोडबोले के मार्गदर्शन मे सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से वृक्षारोपण किया गया जिसमें की समाज के अनेक बंधु उपस्थित रहे, लालबाग सेक्टर सुपरवाइजर मीना गोडबोले ने सामाजिक संस्थाओं से आए हुए कार्यकर्ताओं को बताया कि सेक्टर की सभी आंगनबाड़ी को स्वच्छ आंगनबाड़ी व आदर्श आंगनवाड़ी बनाने की दिशा मे हम लोग कार्य कर रहे है इसमें सभी समाज सेवी संस्थाओं से सहयोग की अपेक्षा है इसी उपलक्ष्य मे इंदौर से पधारे स्वामी पूर्णानंद सरस्वती,नीलेश राजासिंह राजपूत, आकाश पटेल, अनिरुद्ध देशवाडे, कुणाल शर्मा, अनिमेष देशवाडे, शंकर नीमजे, हर्षा वनोदे, सुनीता शर्मा,रूपा प्रधान व अन्य समाजसेवियों ने खापाभाट में आने वाली आंगनबाड़ी को रंगाई पुताई कर आदर्श आंगनवाड़ी बनाने का बीड़ा उठाया और आंगनबाड़ी केंद्र में अन्य सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए अपना सहयोग प्रदान करने की घोषणा की

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिले के नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक

**छिन्दवाड़ा।** प्रभारी कलेक्टर अग्रिम कुमार की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में जिले के सभी नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व वसूली, स्वच्छ भारत मिशन, सीएम हेल्पलाइन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन सहित विभिन्न विषयों की गई समीक्षा और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य नगरपालिका अधिकारी परासिया एवं परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण साक्षी बाजपेयी, सहायक परियोजना अधिकारी राजाराम वरठे, नगर निगम के सहायक यंत्री सहित सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी व उपयंत्री उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार का निर्वाचन हो सकता रद्द

## मुख्यमंत्री कार्यालय ने कलेक्टर को दिये निर्देश,जांच कर रिपोर्ट जल्द पेश



**छिंदवाड़ा।** कांग्रेस के जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार पर फर्जी अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र के आधार पर चुनाव लड़ने के आरोप पर मामले में मुख्यमंत्री कार्यालय ने संज्ञान लेते हुए जांच के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय ने मामले को गंभीरता को देखते हुए छिंदवाड़ा कलेक्टर को निर्देश दिए हैं कि वह नियमानुसार जांच कर कार्रवाई करें और पूरी रिपोर्ट जल्द भेजें। शिकायतकर्ता नन्हेराम गोहिया और अन्य शिकायतकर्ताओं ने 16 अप्रैल 2025 को एक शिकायती पत्र सौंपा इसमें आरोप लगाया गया था कि पुन्हार ने कूटरचित एससी प्रमाण पत्र का इस्तेमाल कर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। मुख्यमंत्री कार्यालय ने इसे गंभीरता से लिया और कार्रवाई कर रिपोर्ट मांगी है। शिकायत कर्ता का दावा है कि संजय पुन्हार अनुसूचित जाति से नहीं हैं उन्होने कथित तौर पर फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाया इसी के आधार पर आरक्षित सीट से जिला पंचायत चुनाव लड़ा और जीते।

### अपनी कुर्सी गवानी पड़ सकती संजय पुन्हार को

गृह विभाग के उपसचिव डॉ. इच्छित गढ़पाले ने उक्त आदेश कलेक्टर को जारी किया है ऐसे में संजय पुन्हार को अपनी कुर्सी गवानी पड़ सकती है। इस सो मामले को लेकर संजय पुन्हार का कहना है कि उनके पास अभी कोई आदेश नहीं आया है यदि ऐसा कुछ भी होगा तो वह हाईकोर्ट जाएंगे

# भाजपा के राज में सुरक्षित नहीं आदिवासी बहन-बेटियां

## आदिवासियों पर आए दिन हो रहे अत्याचार, अनाचार व दुराचार



**छिन्दवाड़ा।** केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार का आदिवासी हितैषी मुखौटा उतर चुका है। आए दिन आदिवासी भाइयों व बहनों पर प्रदेश के किसी ना किसी हिस्से में अत्याचार, अनाचार व दुराचार की वारदातों ने कानून व्यवस्था की पोल खोल दी है। स्वयं मुख्यमंत्री के पास गृह विभाग है बावजूद इसके प्रदेश की कानून व्यवस्था बेपटरी हो चुकी है। खंडवा जिले के खालवा क्षेत्र में गत दिवास एक 45 वर्षीय आदिवासी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात के उपरांत पीड़ित महिला की मौत भाजपा सरकार के लिए शर्मनाक है। उक्त उदगार आज जिला महिला कांग्रेस आदिवासी विभाग की महिला नेत्रियों ने जिला कलेक्ट्रेट में ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए व्यक्त किए।जिला महिला कांग्रेस आदिवासी विभाग ने प्रस्तुत ज्ञापन में उल्लेख किया कि आदिवासी महिलाओं, बहन व बेटियों के साथ दिन प्रतिदिन हो रहे दुष्कर्म, हत्या, शोषण व अत्याचार के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं और भाजपा सरकार कुम्भकर्णी नींद में है। सरकार नींद में है इसीलिये अपराधी बेखौफ वारदातों को अंजाम दे रहे। घटित होते महिला सम्बंधित अपराधों ने बहन-बेटियों के दिलों में खौफ पैदा कर दिया है। हाल ही में खंडवा जिले के खालवा क्षेत्र में आदिवासी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया और हत्या कर दी गई। इस वारदात ने सम्पूर्ण आदिवासी समाज को झंकझोर दिया है। उक्त वारदात के विरोध में जिला महिला कांग्रेस आदिवासी विभाग ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आदिवासी समाज की सुरक्षा हेतु ठोस कदम उठाने की मांग करते हुए महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मू के नाम कलेक्ट्रेट में ज्ञापन प्रस्तुत किया।

### सुरक्षित नहीं आदिवासी समाज

प्रस्तुत ज्ञापन के माध्यम से महिला नेत्रियों एवं कार्यकर्ताओं ने सरकार का ध्यानाकार्षण करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार में आदिवासी सुरक्षित नहीं है। भाजपा शासन काल के दौरान आदिवासियों पर सर्वाधिक अत्याचार व अपराध घटित हुए है। यह रिकॉर्ड इस बात का प्रमाण है कि भाजपा सरकार में आदिवासी किसी भी स्तर पर सुरक्षित नहीं है। इसके पूर्व भी प्रदेश के अन्य जिलों में आदिवासी से सम्बंधित जघन्य अपराध घटित हुए किन्तु प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जिनके पास गृह विभाग भी है उन्होंने कोई ठोस कार्रवाई के निर्देश नहीं दिए फलस्वरूप आदिवासी शोषित व प्रताडित हो रहे हैं। महिला कांग्रेस आदिवासी विभाग ने प्रस्तुत ज्ञापन में सामूहिक दुष्कर्म व हत्या के अपराधिकयों को तत्काल फांसी देने की मांग की है।

## सरकार की योजनाओं से किसानों की आर्थिक स्थिति हो रही मजबूत:बंटी विवेक साहू

### विकसित भारत संकल्प पदयात्रा में हरियागढ़, हिरदागढ़, ब्रजपुरा, चुरनी चोगान और माण्डई के कार्यक्रमों में शामिल हुए सांसद

छिंदवाड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प को पूरा करने हमारी सरकार कृषि के विकास और किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने हर संभव प्रयास कर रही है। उन्नत कृषि तकनीक अपनाने और रासायनिक खाद की जगह जैविक खाद के इस्तेमाल के प्रति किसान भाईयो को जागरूक करने अभियान चलाया जा रहा है। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने विकसित भारत संकल्प पदयात्रा, मेरा गांव- मेंरा सांसद और विकसित कृषि संकल्प अभियान के हरियागढ़, हिरदागढ़, ब्रजपुरा, चुरनी चोगान और माण्डई में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान कही। कार्यक्रमों के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने जनजातिय समाज के लिए गौरव का प्रतीक पीला गमछा अपने माथे पर बांधे हुए रखा था। इस दौरान सांसद श्री साहू ने हरियागढ़ के किले के साथ ही हरियागढ़ से ब्रजपुरा, चुरनी चोगान और माण्डई तक विकसित भारत संकल्प पदयात्रा अभियान के तहत कुल 10 किलोमीटर की पदयात्रा की। सांसद श्री साहू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रदेश सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को सीधे प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के सहयोग से आज किसानों को आधुनिक खेती करने का मौका मिल रहा है। किसान खेतों में ड्रोन के माध्यम से कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कर पा रहे है। जिससे किसानों को लाभ हो रहा है। साथ ही भाजपा सरकार द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं से भी किसानों लाभान्वित किया जा रहा है।

## संचार कॉलोनी में महापौर विक्रम अहके ने चौपाल लगाकर की जनसुनवाई

### बारिश के समय होने वाली जलभराव की समस्या से रूबरू होकर निराकरण हेतु दिए दिशा निर्देष



छिंदवाड़ा। शहर के विभिन्न वार्डो में महापौर अहके लगातार आम जनमानस के बीच पहुंच कर उनसे रूबरू होकर वार्ड में होने वाले कामों का जायज़ा लेने के साथ साथ वार्डवासियों को होने वाली समस्याओं का निराकरण संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ उपस्थित होकर करते नजर आते है इसी क्रम में आज वार्ड क्रमांक 40 के संचार कॉलोनी में नगर निगम के दल बल के साथ पहुंचकर वार्डवासियों से रूबरू हुए एवं बारिश के कारण होने वाली जलभराव की समस्या से अवगत होकर यथास्थान पर संबंधित को निर्देश देकर जल्द ही निराकरण हेतु आश्वस्त कराया साथ ही रोड, नाली एवं पार्क के सौंदर्यीकरण हेतु भी दिशा निर्देश दिए इस अवसर पर साथ में मुख्य रूप से सभापति नमिता मनोज सक्सेना, सभापति प्रवीना जगेंद्र अलदक, सभापति अरुणा मनोज कुशवाह, मंडल अध्यक्ष लीला बिजौलिया सहित वार्डवासी गौतम सिंह ठाकुर, एम एम लिखार,जी एस ठाकुर,देव राव उपासे, मरकाम, पैठणकर, समर्थ, मेर सिंह वर्मा, वेदराम वैश्य ,उपेंद्र रजक,बी एल पाल,श्रीमती उमा सोनी,शारदा ठाकुर,पैठणकर,श्री कैलाश कराडे जी उपस्थित रहे।

भू माफिया द्वारा शासकीय भूमि पर बने...

## लोकमाता अहिल्याबाई के चबूतरे पर चलवायी जे.सी.बी.

### जिला धनगर पाल गडरिया समाज ने राष्ट्रपति, राज्यपाल



**छिंदवाड़ा।** लोकमाता अहिल्याबाई देश की ऐसी प्रथम महिला थी जिनका राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय योगदान रहा है, जिन्हे द्वारा किये गये कार्यो को भारत देश कभी नहीं भूल सकता, ऐसी सम्मानित महिला को सम्मान दिलाने के लिये दिनांक 31 मई 2025 को संपूर्ण भारत देश कें उनके जयंती समारोह का अयोजन किया गया वहीं दूसरी ओर मध्यप्रदेश में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति माता अहिल्या बाई का जन्म उत्सव भव्य रूप से मनाया गया । वहीं छिंदवाड़ा में जिला धनगर पाल गडरिया समाज द्वारा वार्ड नंबर 3 गाडरीढाना खजरी जिला छिंदवाड़ा में स्थित शासकीय भूमि पर वर्षो से अहिल्या बाई बाटिका के नाम से गार्डन बनाकर यहॉ प्रतिमा स्थापना हेतु चबूतरा बनाकर इसकी सुरक्षा हेतु फेंसिंग की गयी थी एवं इस वर्ष जयंती समारोह के अवसर पर दिनांक 31 मई 2025 को पूर्व राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उईके, जिले के सासंद विवेक बंटी साहू एवं भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव सहित आर.एस.एस. के प्रांत संयोजक, विभाग प्रमुख एवं अन्य पदाधिकारी की उपस्थिति में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसकी जिले के प्रमुख समाचार पत्रों में समाचार पत्रों में समाचार का प्रकाशन किया गया । ज्ञात हो कि इसके पूर्व ही समाज द्वारा उक्त स्थल पर बनाये गये चबूतरे को दिनांक 26 मई को इस शासकीय भूमि पर बने चबूतरे को भू माफिया शिव यदुवंशी निवासी बुधवारी बाजार छिंदवाड़ा द्वारा जे.सी.बी. से तुड़वा दिया गया, इस व्यक्ति के द्वारा की गई कार्यवाही से जिले के पाल समाज में आक्रोष व्याप्त है, चूंकि उक्त तथाकथित व्यक्ति द्वारा उक्त चबूतरे को तुड़वाये जाने की यह पहली घटना नहीं है, दूसरी बार तुड़वाया गया परंतु समाज का चूंकि 31 मई को कार्यक्रम था इसलिये किसी भी व्यक्ति ने इस व्यक्ति के विरूद्ध शिकायत नहीं की । अब कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात् जिला धनगर पाल समाज द्वारा राष्ट्रपति, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम जिलाध्यक्ष के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर इस भू माफिया के द्वारा माता अहिल्या की देवी का अपमान करने के विरूद्ध तत्काल एफ.आई.आर. दर्ज कर रासुका की कार्यवाही करने की मांग की है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया



**छिंदवाड़ा।** 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव द्वारा जिला भाजपा कार्यालय परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरु किए गए एक पेड़ माँ के नाम अभियान में देश के नागरिक बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। एक पेड़ माँ के नाम संकल्प के साथ रोपे जा रहे ये पौधे न केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है, बल्कि मातृभूमि तथा मातृशक्ति के प्रति हमारी अगाध श्रद्धा का पर्याय है। प्रकृति संरक्षण की यह पहल, आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित व स्वस्थ भविष्य की नींव रखेगी। यह बगीचा भी आप सभी के सहयोग से सबसे सुन्दर बगीचा बनेगा। विश्व पर्यावरण दिवस के जिला संयोजक गुरजीत सिंह शंटी बेदी एवं जिला सह संयोजक अलकेश साव एवं अनीश पटेल द्वारा कार्यक्रम संकलन किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ जिला महामंत्री टीकाराम चन्द्रवंशी, श्रीमती कांता ठाकुर, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गरिमा दामोदर, पूर्व महापौर श्रीमती कांता सदारंग, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय पांडे, धर्मेन्द्र मिगलानी, अजय सक्सेना, अलकेश लाम्बा, अनिल गुप्ता, राजेश बैस, दिवाकर सदारंग, संदीप सिंह चौहान, सभापति संजीव रंगू यादव, राहुल बंटी उईके, अभिलाष गोहर, दीपक कोल्हे, दिन्शु यादव, कुबेर सूर्यवंशी, बंटी राय, कृपाशंकर सूर्यवंशी, गुरूप्रसाद धुर्वे, सुदीप काले, सूरज पटेल, मनीष निर्मलकर, मनीष यादव, संदीप यादव, शैलेन्द्र मालवी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इदुल अजहा ( बकरा ईद ) का त्यौहार 7 जून को

**छिंदवाड़ा।** अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी छिन्दवाड़ा की जानिब से छिंदवाडा शहर व छिंदवाडा जिला की तमाम अवामुन्नास को ईदुल अज़्हा ( बकरा ईद ) की बहुत बहुत मुबारकबाद पेश की जाती हैं और इत्तेला दी जाती हैं कि माह जिल हिज्ज ( बकरा ईद ) के चाँद का शरई सबूत मिल गया हैं, लिहाजा इदुल अजहा ( बकरा ईद ) का त्यौहार बतारिख 7 जून ( शनिवार ) को मनाया जायेगा ।

नमाज का वक्त- 1. रिसाला मस्जिद में ईदुल अज़्हा की नमाज सुबह ठीक 07.30 बजे, जनाब मुफ्ती नाहिद अशरफी साहब अदा कराएँगे। 2. नूरी मस्जिद ऊंटखाना में ईदुल अज़्हा की नमाज सुबह ठीक 07.30 बजे, जनाब हाफिज उमर अली साहब अदा कराएँगे । 3. बड़ी ईदगाह में ईदुल अज़्हा की नमाज सुबह ठीक 08 बजे, जनाब हाफिज हसिबुल्लाह कमर साहब अदा कराएँगे। 4. छोटी ईदगाह में ईदुल अज़्हा की नमाज 08.30 बजे, जनाब हाफिज जियाउद्दीन साहब अदा कराएँगे । 5. अकबरी मस्जिद में ईदुल अज़्हा की नमाज सुबह ठीक 09 बजे, जनाब हाफिज इरफ़ान रज़ा साहब अदा कराएँगे। नमाज के वक्त बारिश होने की सूरत में दोनों ईदगाहों के अलावा शहर की सभी मस्जिदों में ईदुल अज़्हा ( बकरा ईद ) की नमाज 07:30 बजे से सुबह 09 बजे अदा की जाएगी, लिहाजा वक्त का ख्याल रखे। अंजुमन सदर जनाब अमसाल खान और अंजुमन वर्किंग कमेटी आप तमाम लोगों से गुजारिश करती हैं कि जानवरों का वेस्टेज मटेरियल इधर-उधर न डाले, निगम द्वारा घुमाई जाने वाली कचरा गाड़ियों पर ही डाले और रोड पर खुले में कुरबानियां न करें साफ-सफाई का ध्यान रखे जिससे किसी को भी परेशानी न हों और ईदुल अज़्हा का त्यौहार पुर अमन तरीके से मनाये ।

## 1 लाख 67 हजार राहगीर छाछ, जल और साहित्य सेवा से लाभान्वित



**छिंदवाड़ा।** श्री शक्ति ट्रस्ट एवं संस्कृत पुस्तकोंन्नति सभा द्वारा संचालित सन्त श्री आशारामजी गौशाला खजरी द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आम राहगीरों को गर्मी से राहत दिलाने हेतु नि:शुल्क छाछ का वितरण किया गया। आयुर्वेद में छाछ एक औषधि पेय है। इसके सेवन से गर्मी से राहत के साथ-साथ पेट के अनगिनत रोगों से भी छुटकारा मिलता है। समिति आम लोगों को स्वस्थ और निरोगी रखने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष यह सेवा करती हैं। समिति की यह गत 24 वर्षों की सेवा है। जिलेवासियों को वर्ष भर इस सेवा का इंतजार रहता है। श्री रामनवमी के पावन पर्व से प्रारंभ हुई यह सेवा ग्रीष्म ऋतु के अंत तक जारी रही। जिसमें प्रति रविवार बस स्टैंड के अलावा गुरैया सब्जी मंडी , लिंगा बस स्टैंड, हनुमान जयंती, शनि जयंती, महावीर जयंती, अक्षय तृतीया,आदि त्योहारो पर भी छाछ वितरीत की। लिंगा आश्रम द्वारा बस स्टैंड पर जल प्याऊ की सेवा और अन्य जगह लगाए गए प्याऊ सेवा जिले भर में चर्चा का केंद्र रहे। समिति द्वारा छाछ सेवन करने वाले आम राहगीरों को आश्रम से प्रकाशित आध्यात्मिक पत्रिका ऋषि प्रसाद भी निश्शुल्क भेंट की । प्राप्त जानकारी से ज्ञात हुआ है कि छाछ , जल और सत साहित्य सेवा से लग्भग 1 लाख 67 हजार लोगों के लाभांवित होने की खबर है ।

# वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

## विश्व पर्यावरण दिवस पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो ने पौधारोपण एवं संगोष्ठी



छिन्दवाड़ा। अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ वातावरण बहुत जरुरी है। बिना स्वच्छ वायु, स्वच्छ जल, स्वच्छ वातावरण के एक अच्छे स्वास्थ्य की कल्पना भी नहीं की जा सकती है 7 उक्त आशय की जानकारी देने के लिए 05 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में वार्ड क्रमांक 03 खजरी स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में पर्यावरण विषय पर संगोष्ठी एवं पौधारोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रचार अधिकरि राम सहाय प्रजापति, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के न्यायधीश/ सचिव राकेश सिंह,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विधिक सहायता अधिकारी विजय खोबड़ागड़े, जन अभियान परिषद् के जिला समन्वयक अखिलेश जैन, महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक श्रीमति जानकी लीलारे, इको क्लब के जिला नोडल अधिकारी विनोद तिवारी, पर्यावरणविद श्यामलराव, डीएन अग्निहोत्री, अशोक मिश्रा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुश्री सुनीता उगले, सहायिका श्रीमति लता ठाकरे सहित बड़ी संख्या में वार्ड निवासी महिलायें व किशोरी बालिकाएं उपस्थित रहीं ।

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किया वृक्षरोपन

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स?वशासी स?नातकोत?तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के प्राचार्य डॉ. वाय.के शर्मा के संरक्षण व एन.एस.एस कार्यक्रम अधिकारी प्रो.महेंद्र साहू,डॉ. मंशाराम उइके और महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ.निधि डोडानी के मार्ग दर्शन में महाविद्यालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वरिष्ठ स्वयंसेवक बलराम उइके, शिव सिंह डेहरिया एवं विशाल सलामे के नेतृत्व में वृक्षरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्वयं सेवकों द्वारा




गुलमोहर,अमलतास, सप्तऋषि, जाम आदि के पेड़ लगाए गएद्य जिसमें स्वयं सेवकों द्वारा बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया गया इस अवसर पर संकल्प विश?वकर्मा, भूमिका धुर्वे, अमित कुमार, विशाल वाडीवा, राजनंदनी उइके, वृंदा डेहरिया, हिना खान, शोभाराम जम्होरे, शिवसिंह डेहरिया, बलराम उईके आदि स्वयं सेवक मौजूद रह।

विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपणछिंदवाड़ा। वश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा द्वारा शहर में मध्य स्थित परमानंद पुनर्वास केंद्र छिंदवाड़ा में बृहद स्तर पर फलदार, छायादार,पौधे कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के निर्देशन लगाए गए । उक्त पौधारोपण एक पेड़ मां के नाम,एवम जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पौधारोपण जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के कुशल मार्गदर्शन में उपस्थिति में जन अभियान परिषद के परामर्श दाता एवम पर्यावरण विद विनोद तिवारी,श्रीमती लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह, आशीष साहू के साथ मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट ,सेक्टर नंबर पाच की नवांकुर संस्था बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकास समिति सदस्य सहित परमानंद पुनर्वास केंद्र के अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल सीनियर मैनेजर माइनिंग, अनिल कुमार कच्छ मैनेजर माइनिंग श्रीमती प्रमिला यादव, श्रीमती शोभना सविता, सतीश चौरसिया, पतिराम सहित अन्य स्टाफ ने पौधारोपण कर एक पेड़ मां के नाम अभियान सफल बनाया।

### नगर वासियों को दिया जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश

#### शिविरार्थियों ने निकाली सर्वोदय अहिंसा रैली

छिंदवाड़ा। नगर के वीतराग भवन में श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन एवं वीतराग विज्ञान पाठशाला द्वारा चल रहे जैनत्व संस्कार शिक्षण शिविर के छठवें दिवस 5 जून के शुभ दिन शिविरार्थियों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाकर विविध अनुष्ठान आयोजित किए गए। श्री आदिनाथ जिनालय गोल गंज में श्री जिनेन्द्र पूजन से किया जिसमें सभी 250 शिविरार्थियों ने जिनेन्द्र पूजन कर सर्वोदय अहिंसा रैली में हिस्सा लिया।जिसका शुभारंभ सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन द्वारा किया जिनके साथ शिविर निर्देशक पंडित अशोक शास्त्री मांगुलकर राघोगढ़, विदुषी स्वीटी मांगुलकर, अमन शास्त्री आरोन, अशोक शास्त्री एवं अचल शास्त्री उज्जैन, आयुष शास्त्री उदयपुर, ध्रुव शास्त्री भोपाल, प्रतीक जैन कलकत्ता, संस्कृति जैन सहित बड़ी संख्या में शिविरार्थी सम्मिलित हुए।







# दुग्ध संघ का अभियान: घर आकर करेगा दूध का दूध-पानी का पानी



## मप्र दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रीतेश जोशी एवं एमडी संजय गोवानी ने दी जानकारी

**भोपाल।** आपके घर पहुंचने वाले पैक या खुले दूध और दूध से बने उत्पादों की गुणवत्ता जांचने के लिए आपको घर बैठे सुविधा मिलेगी। भोपाल दुग्ध संघ शहरवासियों की सहूलियत के लिए चलित प्रयोगशाला शुरू कर रहा है। इसके तहत सांची समेत किसी भी अन्य ब्रांड या खुले दूध की जांच इस प्रयोगशाला में करवाई जा सकती है।

भोपाल दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रीतेश जोशी ने बताया कि शनिवार, 7 जून से 'दूध का दूध, पानी का पानी' अभियान शुरू किया जा रहा है। इसके तहत चलित प्रयोगशाला रोजाना सुबह 8 बजे अलग-अलग कॉलोनियों में पहुंचेगी। कुछ भी संदिग्ध पाए जाने पर उपभोक्ताओं को 48 घंटे में व्हाट्सएप पर रिपोर्ट दी जाएगी। घी की प्रारंभिक रिपोर्ट मौके पर ही मिलेगी। इस दौरान मध्य प्रदेश दुग्ध संघ के एमडी संजय गोवानी भी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) एमपी. स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (एमपीसीडीएफ) भोपाल से संबद्ध भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीश जोशी के मार्गदर्शन व निर्देशन में कल 7 जून से दूध का दूध और पानी का पानी अभियान के तहत शुद्धता परीक्षण शिविरों का आयोजन शुरु होगा। यह आयोजन सांची ब्राण्ड के दूध और दुग्ध उत्पादों की शुद्धता की जांच उपभोक्ताओं के सामने करने एक सराहनीय अभिनव पहल मानी जा रही है। आयोजित शिविरों में उपभोक्ताओं के द्वारा उपयोग किए जा रहे सांची दूध एवं दुग्ध उत्पादों की शुद्धता की जांच उपभोकाओं के सामन की जाएगी ताकि उपभोक्ता जान सकें कि सांची दूध और दुग्ध उत्पाद कितना शुद्ध और गुणवत्तापूण है। अभियान के प्रथम चरण में शुद्धता परीक्षण शिविर का आयोजन पहले दिन फॉर्चून सिग्नेचर सोसाइटी और इंडस गार्डन, रोहित नगर में तथा रविवार 8 जून को आकृति इकोसिटी रोहित नगर में आयोजित किया जाएगा। इसी तरह आगामी दिनों में साकेत नगर कटारा, सागर रायवेला, स्प्रिंग वैली, अमृत नगर, शिवाय कांपलेक्स गुलमोहर कॉलोनी, नीरज नगर, सर्वधर्म कॉलोनी, घरौंदा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, लालघाटी, संजीव नगर, कोहेफिजा, पुलिस कंट्रोल रूम और गिरधर परिसर में भी यह अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान में इन कॉलोनियों के निवासी दूध एवं दुग्ध उत्पादों का परीक्षण अपने समक्ष करा सकते हैं। इस अभियान में उपभोक्ताओं द्वारा नियमित रूप से उपभोग किए जाने वाले सांची दूध और दुग्ध उत्पाद जैसे घी, पनीर एवं दही का परीक्षण विशेष रूप से तैयार एवं आधुनिक उपकरणों से युक्त चल प्रयोगशाला के माध्यम से उपभोक्ताओं के समक्ष किया जाएगा। इन जांचों में दूध में फैट, एसएनएफ, प्रोटीन, लैक्टोज, पानी, यूरिया, सुक्रोज, ग्लूकोस, नमक, वेजिटेबल स्टार्च, न्यूट्रलाइजर, ऑयल तथा अमोनियम सल्फेट की संदिग्धता की जांच की जाएगी। पनीर में स्टार्च तथा दही में स्टार्च, ग्लूकोज, सुक्रोज, यूरिया एवं माल्टोज की संदिग्धता का भी परीक्षण किया जाएगा। इसी तरह घी की प्रारंभिक गुणवत्ता की जानकारी भी तत्समय ही उपभोक्ताओं को दी जाएगी तथा संदिग्ध पाए जाने पर विस्तृत जानकारी 48 घंटे के अंदर व्हाट्सएप के माध्यम से संबंधित उपभोक्ता को दी जावेगी।






जातिगत जनगंणना को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा, संगठन महामंत्री हितानन्द शर्मा मंत्री कृष्णा गौर एवं नरेन्द्र शिवाजी पटेल सहित कई भाजपा नेता शामिल हुए।

## आईएएस रुचिका चौहान ई-रिक्शे से पहुंचीं कलेक्ट्रेट



**ग्वालियर।** ग्वालियर की कलेक्टर रुचिका चौहान अपने एक कदम से फिर चर्चा में हैं. गुरुवार को वह अपने आवास से कलेक्ट्रेट ऑफिस सरकारी वाहन की बजाए ई-रिक्शा से पहुंचीं. इस तरह उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. उन्होंने कलेक्ट्रेट ऑफिस में पौधा भी रोपा.

कलेक्टर रुचिका चौहान अपने कड़े फैसलों और प्रभावी प्रशासन के लिए जानी जाती हैं. इसी साल उनके ऑफिस में एक युवक 'पीला बोरा' लेकर पहुंच गया था. वह युवक बोरे में भरकर अपनी शिकायतें लेकर पहुंचा था. कलेक्टर ने उसकी परेशानी सुनी और तुरंत उसका निवारण किया था.

**2011 बैच की आईएएस अफसर:** रुचिका 2011 बैच की आईएस अफसर हैं. उन्होंने साल 2010 में यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा पास किया था. वह उस साल मध्य प्रदेश से यूपीएससी पास कर आईएएस बनने वाली एकमात्र कैंडिडेट थीं. यूपीएससी में में उनकी 50वीं रैंक थी. उनकी पहली पोस्टिंग सिहोर जिले में बतौर असिस्टेंट कलेक्टर हुई थी.

## आज भोपाल में मनी बोहरा समाज की ईद



# भारत की आंतरिक सुरक्षा हेतु सरकार की तत्परता एवं समाज की सजगता आवश्यकता



**रायपुर।** हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के काल में भारत ने अपने सैन्य बल,अदम्य साहस एवं सशक्त नेतृत्व से पाकिस्तान पर विजय प्राप्त करते हुए भारतीय सीमा को ओर सुदृढ़ किया है। जहां एक ओर भारत अपनी सीमाओं को सुरक्षित करने हेतु संकल्पबद्ध है वहीं दूसरी ओर भारत के भीतर माओवादियों, रोहिंग्या एवं बांग्लादेशी घुसपैठ, पाकिस्तान के लिए जासूसी और बंगाल में लोकतंत्र एवं संवैधानिक मूल्यों की हत्या भारत की आंतरिक सुरक्षा हेतु एक चुनौती बनकर सामने आ रही है।

%ऑपरेशन कगार% के माध्यम से भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा माओवाद पर कठोरतम कार्यवाही करते हुए बीजापुर एवं दंतेवाडा जैसे स्थानों पर 150 से अधिक जवानों की हत्या के षडयंत्रकारी माओवादी महासचिव बसवराज को मारना लाल आतंक के खिलाफ की गई कार्यवाही में मील का पत्थर साबित हुआ है। जहां एक ओर पूरा देश इस कार्यवाही को आंतरिक सुरक्षा हेतु साहसिक कार्यवाही के रूप में देख रहा है वहीं दूसरी ओर शहरी माओवादी छाती पीट पीट कर विलाप करते हुए समाज में भ्रम उत्पन्न करने का प्रयास कर रहे है। अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद् बैठक का मत है कि ऐसे सभी शहरी माओवादियों पर कड़ी दृष्टि रखते हुए उन पर दंडात्मक कार्यवाही की जानी चाहिए।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सुरक्षा एजेंसी के द्वारा की जा रही जांच में भारत के विभिन्न राज्यों यथा हरियाणा,पंजाब, दिल्ली व उत्तरप्रदेश से तथाकथित सोशल मीडिया प्रभावकर्ताओं द्वारा पाकिस्तान के लिए जासूसी करना, कतिपय नेताओं के पाक परस्त बयानों तथा अकादमिक संस्थाओं जैसे अशोका विश्वविद्यालय के प्राध्यापक एवं प्रशासन के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर प्रश्न चिह्न लगाने और ऐसी घटनाओं का समर्थन करने की दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं सामने आई है। ऐसी घटनाएं देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए संकट है एवं ऐसे बयान सेना के मनोबल को गिराने व 140 करोड़ भारतीयों की भावना को भी आहत करते है। अतः अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद् बैठक मांग करती है कि विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत पाक परस्त जासूसों। ढ्ढस्ढ्ढ के प्रतिनिधि और राष्ट्र विरोधी बयान देने वाले देश द्रोहियों को चिन्हित कर उन पर कड़ी कार्यवाही की जाना चाहिए।

पहलगाम में निर्दोष हिंदू पर्यटकों की धर्म पूछकर की गई नृशंस हत्या के पश्चात भारत में घुसपैठ के ऐसे भी प्रकरण सामने आए है जिनमें महिलाओं के शौहर तो पाकिस्तान में है किंतु वें भारत में अपनी संतानों के साथ रह रही हैं। इतना ही नहीं बांग्लादेशी घुसपैठिए एवं रोहिंग्या की बढ़ती जनसंख्या पूर्वोत्तर, बंगाल,उड़ीसा,बिहार, झारखण्ड,दिल्ली और जम्मू कश्मीर के सामाजिक-सांस्कृतिक ढांचे के लिए भी खतरा बनती जा रही है। अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद् बैठक यह मानती है कि ऐसे सभी प्रकार के घुसपैठियों को त्वरित गति से एक उचित समय सीमा तय करते हुए भारत से निष्कासित करने हेतु अपनी कार्यवाही को और अधिक गति प्रदान करें। साथ ही घुसपैठियों को भारत में शरण देने के लिए समस्त प्रकार के दस्तावेज उपलब्ध कराने वाले सरकारी कर्मचारियों व नेताओं की भी जांच कर उन पर उचित कार्यवाही की जानी चाहिए।

पश्चिम बंगाल में बारम्बार होने वाली सांप्रदायिक हिंसा के दंगाइयों को राजनीतिक संरक्षण और हिन्दुओं की हत्या तथा पलायन पर सांप्रदायिक तुष्टिकरण में लीन राज्य सरकार का मौन होना इस बात का प्रमाण है कि पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र एवं संवैधानिक मूल्यों की हत्या हो चुकी है। अभाविप की यह राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद् बैठक भारतीय न्यायालय तथा मा.राष्ट्रपति महोदया से निवेदन करती है कि पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र की बहाली तथा संवैधानिक मूल्यों की रक्षा हेतु समीचीन कदम उठाएं।

# राहुल गांधी के लंगड़े घोड़े वाले बयान के विरोध में पैरा खिलाड़ियों और दिव्यांग जनों ने मंत्री विश्वास सारंग को सौंपा ज्ञापन




**भोपाल।** खेल मंत्री विश्वास सारंग को सौपा ज्ञापनअपने बयान पर माफी मांगे, पद से इस्तीफा दे राहुल गांधी- दिव्यांग कांग्रेस और नेहरू परिवार ने हर समय पीड़ित, शोषित और दिव्यागों का अपमान किया है- मंत्री सारंग राहुल गांधी का यह बयान दिव्यांग समाज सहित संपूर्ण समाज को अपमानित करता है- मंत्री सारंग कांग्रेस ने कभी दिव्यांग जनों का हित नहीं किया। राहुल गांधी के बयान से दिव्यांग जनों की भावनाएं आहत हुई हैं. चांदी की चम्मच मुंह पर लेकर पैदा होने वाले राहुल गांधी ने दिव्यागों का अपमान किया। राहुल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की तुलना जानवरों से कर उनका भी अपमान किया है लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी पार्टी के कार्यकर्ताओं का अपमान नहीं करना चाहिए।

## आयुक्त के आश्वासनों के बाद भोपाल ननि के कर्मचारी काम पर लौटे



**भोपाल।** नगर निगम भोपाल सार्थक कर्मचारी संघ के समस्त कर्मचारियों ने आज पेमेंट ना आने पर वाहन खड़े कर एवं सफाई व्यवस्था को रोककर अपना विरोध दर्ज करायाडिप्टी कमिश्नर चंचलेश गिरहारे से चर्चा के बाद कर्मचारियों को मिला आश्वासन कि आज 2ः00 बजे तक पेमेंट आ जाएगी सभी कर्मचारी काम पर वापस

## भगदड़ मामले में पहली गिरफ्तारी



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में 4 जून को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की वक्ट्रिी परेड से पहले हुई भगदड़ मामले में पुलिस ने मार्केटिंग हेड निखिल सोसले को गिरफ्तार किया है। यह इस मामले में पहली बड़ी गिरफ्तारी है। इसके साथ ही डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स के तीन स्टाफ मेंबर्स किरण, सुमंथ और सुनील मैथ्यू को हिरासत में लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, निखिल सोसले मुंबई भागने की फिराक में थे और जैसे ही वह एयरपोर्ट पहुंचे, पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। निखिल से पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि बेंगलुरु में आईसीबी की जीत के बाद हुई व?क्ट्री परेड से पहले हुई भगदड़ में और अव्यवस्था में उनकी भूमिका कितनी गंभीर थी। गौरतलब कि बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हाल ही में मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत और कई लोगों के घायल होने के मामले में कब्बन पार्क पुलिस थाने में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स (जो इवेंट की आयोजन कंपनी थी)।

## गेहूं, चना, सोयाबीन और प्याज के दाम में बड़ा बदलाव



**भोपाल।** मंडी में आज के भाव जानना हर किसान और व्यापारियों के लिए बेहद ज़रूरी होता है। 6 जून 2025 के लेटेस्ट मंडी रेट में कुछ फसलों के दाम गिरे हैं तो कुछ के चढ़े हैं। गेहूं, चना, प्याज और सोयाबीन के नए रेट जानिए आसान भाषा में।

अगर आप किसान हैं या खेती-किसानी से जुड़े हैं, तो मंडी के ताज़ा भाव जानना आपके लिए रोज़ का जरूरी काम होगा। आज 6 जून 2025 को देश की कई प्रमुख मंडियों से फसलों के ताज़ा रेट सामने आए हैं, जिनमें गेहूं, चना, सोयाबीन और प्याज जैसे प्रमुख फसलों के दाम में हलचल देखने को मिली है।

खास बात ये है कि इस बार कुछ फसलों की कीमतें किसानों को राहत देने वाली हैं, तो कुछ में गिरावट ने चिंता बढ़ा दी है। कई जगह प्याज की कीमतों में उछाल आया है, जबकि चने की कीमत में गिरावट देखी गई। आइए जानते हैं आज के मंडी भाव से जुड़ी पूरी जानकारी।